ज्ञानामृत
दंड द्वारा प्रजा की रक्षा करनी चाहिए लेकिन बिना कारण किसी को दंड नहीं देना चाहिए।
▶▶ रामायण

राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | रायपुर, बुधवार, 18 जून 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 164 | पेज- 08 | मूल्य- ₹1.00/-

## न्यूज इन शॉर्ट

### अहमदाबाद-लंदन सहित एक दिन में एअर इंडिया की सात फ्लाइट रद्द

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एअर इंडिया की 7 इंटरनेशनल फ्लाइट मंगलवार को रद्द कर दी गईं। इनमें अहमदाबाद-लंदन, दिल्ली-पेरिस, दिल्ली-वियना, लंदन-अमृतसर, दिल्ली-दुबई, बेंगलुरु-लंदन फ्लाइट शामिल हैं। इसके अलावा सैन फ्रांसिस्को से




मुंबई आ रही फ्लाइट के पैसेंजर्स को कोलकाता एयरपोर्ट पर उतारा गया। अहमदाबाद में 12 जून को एआई-171 फ्लाइट क्रैश हुई थी। इसकी जगह अहमदाबाद से लंदन के लिए नई फ्लाइट एआई-159 शुरू की गई है। यह फ्लाइट मंगलवार को लगातार दूसरी बार रद्द की गई। फ्लाइट को दोपहर 1.10 बजे उड़ान भरना था, लेकिन टेकऑफ से कुछ घंटे पहले तकनीकी खामी की बात कही गई। 16 जून को भी यह फ्लाइट रद्द की गई थी। दिल्ली से पेरिस जाने वाली फ्लाइट एआई 142 भी टेक्निकल परेशानी के बाद रद्द की गई।

### शेयर बाजार: सेंसेक्स 212 अंक टूटा, निफ्टी 24900 से नीचे आया

**मुंबई, एजेंसी।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को शेयर बाजार मुनाफावसूली के बीच गिरावट के साथ बंद हुआ। इस्राइल-ईरान संघर्ष के मद्देनजर निवेशकों ने सतर्कता दिखाई। बेंचमार्क



सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान पर बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 212.85 अंक या 0.26 प्रतिशत गिरकर 81,583.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 369.14 अंक या 0.45 प्रतिशत गिरकर 81,427.01 अंक पर आ गया था। वहीं, एनएसई निफ्टी 93.10 अंक या 0.37 प्रतिशत गिरकर 24,853.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में सन फार्मा, इटरनल, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक और बजाज फिनसर्व प्रमुख रूप से पिछड़ गए।

### कमजोर वैश्विक मांग के बीच सोने के भाव में 1200 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की लगातार बिकवाली के बीच मंगलवार को राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत 1,200 रुपये गिरकर 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का



भाव 1,100 रुपये घटकर 99,450 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। पिछले बाजार सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 1,01,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं, मंगलवार को चांदी की कीमत 100 रुपये बढ़कर 1,07,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। सोमवार को चांदी की कीमत 1,07,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक स्तर पर सोना हाजिर गिरावट के साथ 3,380.65 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

### एसएससी: ओटीआर में संशोधन के लिए 19 जून को खुलेगी सुधार विंडो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी चयन आयोग ने उम्मीदवारों को अपने वन टाइम रजिस्ट्रेशनविवरण को संशोधित करने की अनुमति दी है। पात्र उम्मीदवार 19 जून से 30 जून तक उम्मीदवारों के लॉगिन पोर्टल के माध्यम से अपने ओटीआर




विवरण में बदलाव कर सकते हैं। उम्मीदवारों को ओटीआर विवरण संशोधित करने के लिए अपना पंजीकरण नंबर और पासवर्ड दर्ज करना होगा। यह निर्णय उन उम्मीदवारों के कई अनुरोधों के बाद लिया गया है जो अपनी ओटीआर प्रविष्टियों को अपडेट करने में असमर्थ थे, विशेष रूप से ओबीसी, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग श्रेणी की स्थिति और शैक्षिक योग्यता से संबंधित। आयोग ने पहले घोषणा की थी कि 2025 परीक्षा चद्द के लिए आधार-सक्षम ओटीआर को 2 जून, 2025 से लागू किया जाएगा। इसने यह भी कहा था कि मौजूदा ओटीआर फॉर्म में संपादन की अनुमति केवल 31 मई, 2025 तक ही होगी।

## भाजपा का शक्ति प्रदर्शन: रायपुर में बुधवार को होगी छत्तीसगढ़ मंत्रियों-विधायकों की बड़ी बैठक

# शिवप्रकाश लेंगे नेताओं की क्लास, खाली मंत्री पदों पर भी हो सकती है चर्चा

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी का संगठनात्मक सख्ती और शासन के कार्यों की समीक्षा का नया दौर शुरू होने जा रहा है। 18 जून (बुधवार) को भाजपा प्रदेश कार्यालय, रायपुर में प्रदेश के सभी मंत्रियों और विधायकों की बड़ी बैठक आयोजित की जा रही है। यह बैठक न केवल संगठनात्मक दृष्टि से अहम मानी जा रही है, बल्कि खाली मंत्री पदों को भरने और मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भी इसमें अहम चर्चा होने की संभावना है। बैठक की अगुवाई राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश करेंगे, जो मंगलवार को रायपुर पहुंच चुके हैं। उनके साथ क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल भी आए हैं। दोनों नेताओं का प्रदेश नेतृत्व ने गर्मजोशी से स्वागत किया।



### खाली मंत्री पदों को लेकर बढ़ी चर्चा

बैठक के दौरान एक बड़ी चर्चा मंत्रिमंडल में संभावित फेरबदल को लेकर भी हो सकती है। बृजमोहन अग्रवाल के लोकसभा सांसद बनने के बाद संस्कृति और स्कूल शिक्षा विभाग खाली हो गया है, जिसका अतिरिक्त प्रभार फिलहाल मुख्यमंत्री साय के पास है। सूत्रों के अनुसार, करीब एक साल से दो नए मंत्री शामिल किए जाने की चर्चा चल रही है। अब जब सरकार परफॉर्मेंस और गवर्नेंस पर फोकस कर रही है, तो इस बैठक को निर्णायक माना जा रहा है।

### विधानसभा का मानसून सत्र 14 जुलाई से

राज्य सरकार ने मंगलवार को विधानसभा के मानसून सत्र की अधिसूचना भी जारी कर दी। 14 जुलाई से 18 जुलाई तक चलने वाला यह सत्र कुल 5 कार्यदिवसीय होगा। सत्र में विधायकों को प्रश्न भेजने के लिए समय सीमा तय की जाएगी। संगठन और सरकार की इस संयुक्त कवायद को सत्र पूर्व तैयारी के रूप में देखा जा रहा है।

### बैठक में ये दिग्गज रहेंगे उपस्थित

बैठक में भाजपा के कई शीर्ष नेता भाग लेंगे, जिनमें राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रांत संगठन महामंत्री पवन साय शामिल है।

### बैठक में यह होगा खास

- **"संकल्प से सिद्धि तक" अभियान की समीक्षा...** बैठक में भाजपा के राष्ट्रव्यापी अभियान "संकल्प से सिद्धि तक" की प्रदेश में प्रगति की गहराई से समीक्षा की जाएगी। यह अभियान पार्टी की विकास योजनाओं और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।
- **विधायकों से रिपोर्ट तलब...** हर विधायक से उनके विधानसभा क्षेत्र में हुए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ली जाएगी। उनसे यह पूछा जाएगा कि उन्होंने अपने क्षेत्र में अब तक क्या-क्या गतिविधियां की हैं और किन योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतारा गया है।
- **संगठनात्मक निर्देश और टास्क...** भाजपा संगठन की ओर से आने वाले महीनों के लिए विशेष कार्यद्द मों और जनसंपर्क अभियानों की रूपरेखा प्रस्तुत की जाएगी। इन अभियानों को लेकर विधायकों को जिम्मेदारियां दी जाएंगी।
- **विशेष जनसंपर्क योजनाएं...** बैठक में कुछ स्पेशल टास्क और फोकस्ड जनसंपर्क अभियान तय किए जा सकते हैं। इन अभियानों का उद्देश्य पार्टी और सरकार की नीतियों को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना होगा।

## बाल अधिकार संरक्षण आयोग के स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बच्चों को किया सम्मानित

# जातिगत जनगणना कराने में पूरी तरह असफल रही कांग्रेस : साय

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के 15वें स्थापना दिवस समारोह में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बाल अधिकारों की सुरक्षा और संवर्धन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पुलिस अधिकारियों एवं स्कूली छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोग द्वारा प्रकाशित कई पुस्तिकाओं और योजनाओं का लोकार्पण भी किया गया। मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जातिगत जनगणना के मुद्दे पर कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि कांग्रेस वर्षों तक सत्ता में रही, लेकिन जातिगत जनगणना कराने की इच्छाशक्ति उसमें कभी नहीं रही। आज वही कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कराई जा रही जातिगत जनगणना पर सवाल उठा रही है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार सामाजिक न्याय और संतुलन की दिशा में ठोस कदम उठा रही है, जिसके तहत जातिगत आंकड़ों को संगठित रूप से एकत्र किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि 14 जुलाई से 18 जुलाई तक राज्य विधानसभा का मानसून सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ राजनीति करती रही, लेकिन भाजपा नेतृत्व ने देश और समाज के भविष्य के लिए ठोस फैसले लिए हैं।



### बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए सार्थक पहल

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि "कम समय में ही डॉ. शर्मा ने प्रदेश के 14 जिलों का दौरा कर जमीनी हालात का आंकलन किया है। उनकी पहल से 'सार्थक' और 'रक्षक' जैसी योजनाएं अस्तित्व में आई हैं, जो बाल संरक्षण के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होंगी।" डॉ. वर्णिका शर्मा ने बताया कि कार्यद्द म के दौरान दो प्रमुख योजनाओं का शुभारंभ किया गया है ड्ड 'सार्थक' योजना और 'रक्षक' पहल। 'सार्थक' योजना के अंतर्गत बाल गृहों में रहने वाले 18 वर्ष तक के बच्चों को न केवल सुरक्षा और पालन-पोषण मिलेगा, बल्कि 'बाल उदय' योजना के अंतर्गत उन्हें एक निर्धारित राशि भी प्रदान की जाएगी, जिससे वे आत्मनिर्भर जीवन की शुरुआत कर सकें।

## वैश्विक मंच पर भारत की उपस्थिति होगी मजबूत

# जी-7 सम्मेलन में हिस्सा लेने कनाडा पहुंचे पीएम मोदी, फर्स्ट नेशन्स ने किया स्वागत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पीएम नरेंद्र मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा के कैलगरी पहुंचे। पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन पर कार्यवाहक भारतीय उच्चायुक्त चिन्मय नाइक, कनाडाई अधिकारी समेत स्वदेशी लोगों के समूह 'फर्स्ट नेशन्स' के नेताओं ने उनका स्वागत किया। पीएम मोदी कनानास्किस जाएंगे, जहां सोमवार को कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच शिखर सम्मेलन की शुरुआत हुई थी। मंगलवार के सत्र में पीएम मोदी समेत अन्य आमंत्रित लोग शामिल होंगे। प्रधानमंत्री मोदी साइप्रस में रुकने के बाद यहां पहुंचे हैं, जहां उन्होंने राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के साथ 'भारत-साइप्रस संबंधों को लेकर व्यापक बातचीत' की। जी7 शिखर सम्मेलन विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान करने और ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा करने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करेगा।



## बीजापुर में नक्सलियों का तांडव

# सरेंडर नक्सली के परिवार के तीन सदस्यों की हत्या, कई ग्रामीणों की पिटाई, अपहरण भी

**विजय मत, ब्यूरो बीजापुर**

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में मंगलवार की शाम को नक्सलियों ने एक बार फिर दहशत फैला दी। सरेंडर नक्सली के परिवार को निशाना बनाते हुए नक्सलियों ने तीन लोगों की निर्मम हत्या कर दी, वहीं कम से कम सात ग्रामीणों की बेरहमी से पिटाई की। इसके अलावा, कुछ ग्रामीणों को अगवा भी कर जंगल की ओर ले जाने की खबर है। घटना की फिलहाल पुलिस ने आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जानकारी जुटा रहे हैं। घटना बीजापुर के पेद्दाकोरमा गांव की है, जो लंबे समय से नक्सल गतिविधियों का गढ़ माना जाता है। सूत्रों के अनुसार, नक्सली मंगलवार की शाम लगभग 4 से 5 बजे के बीच भारी संख्या में गांव में दाखिल हुए और सरेंडर नक्सली दिनेश मोडियम के रिश्तेदार झिंगु मोडियम, सोमा मोडियम और अनिल माड़वी की हत्या कर दी गई है। नक्सलियों ने सिर्फ हत्या ही नहीं की, बल्कि गांव के कम से कम 7 अन्य ग्रामीणों को बुलाकर उनकी बुरी तरह पिटाई भी की। बीजापुर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्णा ने कहा कि घटना की सूचना हमें मिली है, पुलिस टीम को गांव भेजा गया है। अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है, जानकारी जुटाई जा रही है।÷ सूत्रों के अनुसार, घटना की गंभीरता को देखते हुए सुरक्षाबलों की एक अतिरिक्त टीम को भी भेजा गया है, लेकिन इलाके की संवेदनशीलता और दुर्गमता के चलते ऑपरेशन में सावधानी बरती जा रही है।

## पुदुचेरी विश्वविद्यालय में बोले उपराष्ट्रपति

# भारत को भाषाओं के नाम पर बंटवारा नहीं चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पुदुचेरी विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भाषाई एकता और नई शिक्षा नीति की अहमियत पर देशवासियों से भावनात्मक अपील की। विश्वविद्यालय में बोलते हुए धनखड़ ने किसी का नाम लिए बिना इस बात पर दुख जताया कि भाषाओं का विरोध हो रहा है। उपराष्ट्रपति ने कहा, पिछले दशक में अभूतपूर्व विकास के परिणामस्वरूप भारत दुनिया का सबसे महत्वाकांक्षी राष्ट्र है। उन्होंने पूछा, हम भाषाओं पर कैसे विभाजित हो सकते हैं? धनखड़ ने कहा कि भारत में 22 भाषाओं में संसद की कार्यवाही संभव है और यह हमारी भाषाई समावेशिता का प्रमाण है। उन्होंने संस्कृत, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, उड़िया, मराठी, पालि, प्राकृत, बांग्ला और असमिया को क्लासिकल भाषाएं बताते हुए कहा कि भारत इस दृष्टि से दुनिया में सबसे समृद्ध है।



# जम्मू-कश्मीर में सभी अमरनाथ यात्रा मार्ग 'उड़ान निषिद्ध क्षेत्र'

**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर सरकार ने अमरनाथ यात्रा के सभी मार्गों को एक जुलाई से 10 अगस्त तक उड़ान निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया है। यह जानकारी अधिकारियों ने मंगलवार को दी। तीन जुलाई से शुरू होने वाली श्री अमरनाथजी यात्रा में इस वर्ष सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं, जिसमें 38 दिनों की तीर्थयात्रा के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों की अब तक की सबसे बड़ी तैनाती भी शामिल है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है, जिसमें 25 पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी की मौत हो गयी थी। प्रति वर्ष, हजारों श्रद्धालु हिमालय में स्थित गुफा मंदिर में पूजा करने के लिए कठिन यात्रा करते हैं। गृह विभाग ने 16 जून को आदेश जारी कर अमरनाथ यात्रा के सभी मार्गों को उड़ान निषिद्ध क्षेत्र घोषित कर दिया है। इस आदेश का उद्देश्य यात्रा को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण बनाना है। राज्य सरकार के प्रमुख सचिव चंद्राकर भारती द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि यात्रा अवधि के दौरान पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों पर ड्रोन, यूएवी और गुब्बारे सहित सभी विमानन प्लेटफॉर्म पर सख्त प्रतिबंध जारी रहेगा।



## विजय मत एंकर

## रिसर्च में हुआ खुलासा, स्मार्ट डिवाइस की माइक्रोफोन से आपकी बातें लीक हो सकती हैं

# बिना हैकिंग के चुपचाप आपकी बातें सुन सकते हैं लैपटॉप और स्मार्टफोन!

**नई दिल्ली, एजेंसी**

यूनिवर्सिटी ऑफ फ्लोरिडा और जापान की यूनिवर्सिटी ऑफ इलेक्ट्रो कम्यूनिकेशन के शोधकर्ताओं ने एक संयुक्त अध्ययन में यह साबित किया है कि स्मार्टफोन और लैपटॉप में लगे माइक्रोफोन आपके आसपास की आवाजें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सिग्नल के जरिए लीक कर सकते हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इसके लिए किसी तरह का मैलवेयर, हैकिंग या फिजिकल छेड़छाड़ की जरूरत नहीं होती। रिसर्च में बताया गया है कि ये सिग्नल आम स्नरूरेडियो उपकरणों से भी पकड़े जा सकते हैं। शोधकर्ताओं ने सामान्य लैपटॉप और स्पीकर का इस्तेमाल करके यह प्रयोग किया, जिसमें यह पाया गया कि Spotify या Google Drive जैसे रोजमर्रा के एप्स चलाते समय भी बंद माइक्रोफोन से आवाजें लीक हो सकती हैं।



### एआई की मदद से साफ-साफ सुनी जा सकती है बात

शोधकर्ताओं ने 10 इंच मोटी कंक्रीट की दीवार के पार से भी आवाजें रिकॉर्ड करने में सफलता पाई। हालांकि ये आवाजें थोड़ी डिस्टॉर्टेड थीं, लेकिन ओपनएड्ढार्द जैसे एआई टूल्स ने उन्हें ट्रांसक्राइब कर लिया। इसकी सटीकता 94प्रतिशत तक रही, जो बेहद खतरनाक संकेत है।

### करोड़ों डिवाइस पर खतरा

रिसर्च में यह भी चेतावनी दी गई है कि दुनियाभर में इस्तेमाल हो रहे अरबों कंज्यूमर डिवाइस इस खतरे की जद में हैं। यूजर्स को अब यह समझना होगा कि सिर्फ डिवाइस बंद करने से ही सुरक्षा नहीं मिलती, बल्कि तकनीकी रूप से भी सतर्क रहने की जरूरत है।

## ईरान का इजराइल के मोसाद हेडक्वार्टर पर हमला

# मिलिट्री इंटेलिजेंस की बिल्डिंग को भी निशाना बनाया इजराइल ने ईरानी सेना के डिप्टी कमांडर को मारा

**तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी**

इजराइल और ईरान के बीच 5वें दिन भी संघर्ष जारी है। ईरान ने मंगलवार को तेल अवीव में इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के हेडक्वार्टर पर हवाई हमला किया। इसके अलावा मिलिट्री इंटेलिजेंस से जुड़ी खुफिया एजेंसी अमन की बिल्डिंग को भी निशाना बनाया है। इजराइली हवाई हमले में ईरान के डिप्टी कमांडर मेजर जनरल अली शादमानी की मौत हो गई है। शादमानी ईरान की खतम-अल-अनबिया हेडक्वार्टर्स यानी सैन्य आपात कमान के हेड थे। उन्होंने 4 दिन पहले ही यह पद संभाला था। उन्हें 13 जून को इजराइली हमले में मारे गए मेजर जनरल गुलाम अली राशिद की जगह यह जिम्मेदारी दी गई थी। राशिद की मौत पिछले शुक्रवार को हुई थी। इजराइली हमलों में अब 224 ईरानी मारे जा चुके है, जबकि 1,481 लोग घायल हुए हैं। वहीं, इजराइल में अब तक 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 600 से ज्यादा घायल हैं।



कार्यालय: ■ रायपुर ■ बिलासपुर ■ दुर्ग ■ धमतरी ■ बस्तर ■ कवर्धा ■ कांकेर ■ कोरबा ■ कोरिया ■ जशपुर ■ जांजगीर-चाम्पा ■ मनेंद्रगढ ■ मोहला-मानपुर ■ दन्तेवाड़ा ■ महासमुन्द ■ राजनांदगांव ■ रायगढ़ ■ सरगुजा ■ बलौदाबाजार ■ बालोद ■ मुंगेली ■ बेमेतरा ■ सूरजपुर ■ गरियाबंद ■ सुकमा ■ बलरामपुर ■ कोंडागाँव ■ नारायणपुर

## सार समाचार

### फ्रिज फटने से एक की मौत, दोनों पैर उड़े

**राजनांदगांव।** छुईखदान इलाके के गांव भोरमपुर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब गांव वालों को पता चला कि, फ्रीज में धमाका हुआ है। मकान मालिक गंभीर रूप से घायल हो गया है। आनन- फानन में घर के अन्य लोग एवं रिश्तेदार पड़ोसी आदि पीड़ित को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुईखदान लेकर आए। यहां उसकी स्थिति एवं गंभीरता को देखते हुए राजनांदगांव के लिए रिफर कर दिया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, विकासखंड मुख्यालय छुईखदान से गंडई मार्ग पर 4 कि.मी. की दूरी पर स्थित ग्राम भोरमपुर निवासी श्रीराम वर्मा, पिता मेहतर राम वर्मा 52 वर्ष, सुबह साढ़े सात बजे जब अपने घरेलू उपयोग की फ्रिज से कुछ सामग्री निकालने के लिए दरवाजा खोला तब फ्रिज में से जोरदार धमाका हुआ। जिससे श्रीराम वर्मा के दोनों पैर लगभग मौके पर ही उखड़ गए और शरीर के अन्य अंगों को भी गंभीर चोटें आईं। लोगों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए घायल को तत्काल छुईखदान सामुदायिक स्वास्थय केंन्द्र लेकर आए, परन्तु प्रारंभिक इलाज के साथ ही मरीज को और अधिक उच्च चिकित्सा के लिए रेफर कर दिया गया। परन्तु पता चला है कि, जिला मुख्यालय में पहुंचते ही घायल ने दम तोड़ दिया।



### कोसरिया गांडा गंधर्व समाज की बैठक

**बालोद।** टुडेंकुरेल भवरमरा परिक्षेत्र मे जिला स्तरीय कोसरिया गांडा गंधर्व समाज जिला बालोद एंव मोहला मानपुर आंबागढ चौकी जिला समाज परिक्षेत्र विजयपुर समाज के संयुक्त समाजिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष बालोद देवप्रसाद कुलदीप, प्रेम लाल ग्वालवंशी संरक्षक जिला बालोद, जिला सचिव चंद्रहास कुलदीप, जिला सहसचिव विजय कुमार बघेल, मा.मोहला आंबागढ चौकी जिला अध्यक्ष कलाराम कुलदीप एवं विजयपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष भवरमरा परिक्षेत्र अध्यक्ष साथ दोनों जिला एंवम दोनों परिक्षेत्र पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे।



एक राष्ट्र, एक राशनकार्ड योजना के सुचारु संचालन के लिए जिला प्रशासन की अपील

# 30 जून तक अनिवार्य है राशनकार्ड सदस्यों का आधार प्रमाणीकरण

**विजय मत, राजनांदगांव**

भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के निदेर्शानुसार एक राष्ट्र, एक राशनकार्ड योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़े सभी राशनकार्डधारकों के परिवारजनों का आधार आधारित प्रमाणीकरण (ई-केवायसी) अनिवार्य किया गया है। सभी हितग्राहियों को 30 जून 2025 तक यह प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उन्हें निरंतर खाद्यान्न वितरण का लाभ मिलता रहे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि कबीरधाम जिले के सभी पात्र हितग्राहियों का आधार प्रमाणीकरण समय-सीमा के भीतर पूर्ण हो, ताकि कोई भी परिवार खाद्यान्न सुविधा से वंचित न हो। उन्होंने ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों एवं उचित मूल्य दुकान संचालकों को निर्देशित किया है कि वे हितग्राहियों को जागरूक कर शीघ्रता से यह कार्य पूर्ण कराएं।



कलेक्टर श्री वर्मा ने समस्त हितग्राहियों से अपील करते हुए कहा कि वे 30 जून 2025 की समय-सीमा से पूर्व अपने परिवार के उन सभी सदस्यों का आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य रूप से पूर्ण कराएं जिनका अब तक यह कार्य नहीं हुआ है, ताकि उन्हें राशन वितरण में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। यदि आप चाहें, तो इस समाचार पर आधारित जनहित संदेश, रेडियो उद्घोषणा, या सोशल मीडिया पोस्ट भी तैयार की जा सकती है। जिला खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम ने बताया कि भारत सरकार द्वारा 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को इस प्रक्रिया से छूट प्रदान की गई है।

# आगजनी की घटना से बुजुर्ग की मौत, घर जलकर राख

**विजय मत, डोंगरगढ़**

छुरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम मुंजाल कला (कुमर्दा) में सोमवार रात करीब 11:30 बजे भयावह आगजनी की घटना सामने आई। इस हृदयविदारक हादसे में 68 वर्षीय झूमुक लाल चन्द्रवंशी का मकान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आग लगने की सूचना पर गांववालों ने तत्परता से प्रयास करते हुए आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। घटना के वक्त झूमुक लाल चन्द्रवंशी घर में ही मौजूद थे। आग लगते ही उन्होंने साहस दिखाते हुए सबसे पहले घर के बाहर बंधी गाय को सुरक्षित निकाला और घर के अन्य सदस्यों को भी समय रहते जगा दिया। गांव वालों की मदद से आग बुझाने की कोशिश की गई, लेकिन आग की तीव्रता ज्यादा होने के कारण इसे काबू में लाना मुश्किल हो रहा था। मृतक के पुत्र ने बताया की आगजनी में घर का सारा सामान झ टीवी, पंखा, रसोई का साजो-सामान, खाद और दवाइयाँ पूरी तरह जलकर राख हो गए। लगभग 1 बजे फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

# योग शिविर के प्रथम दिन को हरित योग के रूप में मनाया




**विजय मत, दुर्ग**

संचालनालय आयुष छ.ग. के निदेर्शानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. दिनेश चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में दुर्ग जिले के समस्त आयुष संस्थानों द्वारा पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर के प्रथम दिन को हरित योग के रूप में मनाया गया, जिसका शुभांरभ जनप्रतिनिधियों के द्वारा पुजा अर्चना कर किया गया। जिसमें औषधी पौधों का वितरण एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इसी कड़ी में शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय दुर्ग द्वारा पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर के प्रथम दिवस में निःशुल्क योग का शुभांरभ करते हुए औषधीं पौधों का वितरण, शीत सुधा का वितरण, पाम्पलेट्स वितरण किया गया एवं जनप्रतिनिधि द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

# संयंत्र स्तरीय यूनिकोड एवं वॉइस टाइपिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**विजय मत, भिलाई**

सेल -भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा 14 जून को संयंत्र स्तरीय ₹यूनिकोड एवं वॉइस टाइपिंग प्रशिक्षण₹ कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विकास केन्द्र के भूतल स्थित सभागार में किया गया। प्रशिक्षण में भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों से नामांकित कार्मिक सम्मिलित हुए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य कार्मिकों को कार्यालयीन कामकाज में राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने को प्रेरित करने की दिशा में यूनिकोड एवं ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग की सहायता से कंप्यूटर में हिंदी टंकण को आसान बनाना है।



महाप्रबंधक (संपर्क, प्रशासन एवं जनसंपर्क व प्रभारी राजभाषा) श्री सौमिक डे ने अपने उद्बोधन में कहा कि, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित राजभाषा नीति के कार्यान्वयन एवं अनुपालन में भिलाई इस्पात संयंत्र सदैव ही अग्रणी रहा है। राजभाषा नीति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण बिंदु है कि, समस्त पत्राचार, नोटिंग, टिप्पण आदि कार्यालयीन कार्य राजभाषा हिंदी में ही किये जाएँ। हिंदी में कार्यालयीन कामकाज को सरल व सहज बनाने सहित कम से कम समय में हिंदी टायपिंग के लिए सबसे आसान उपाय है यूनिकोड एवं ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग। आज टेक्नोलॉजी का दौर है, अतः कार्यालयीन कामकाज के लिए यूनिकोड एवं ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग की सहायता लेना अत्यंत ही प्रासंगिक एवं लाभदायक है। अतः हमें इसमें कोई संकोच नहीं होना चाहिए। कार्यक्रम के आरंभ में उप प्रबंधक (संपर्क व प्रशासन - राजभाषा) श्री जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि, कार्यालयीन कामकाज में विशेषकर पत्रव्यवहार व अन्य लेखन कार्यों को हिंदी में संपादित करने में सर्वाधिक कठिनाई हिंदी में टंकण करने में आती है।

निकुम में प्रदीप मिश्रा की कथा 19 से 23 जून तक

# हजारों महिलाएं शिव महापुराण में आज निकलेंगी कलश यात्रा





**विजय मत, बालोद**

शासकीय स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय कॉलेज मैदान में 19 जून से 23 जून तक शिव महापुराण की कथा विश्व विख्यात कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले के श्रीमुख से दोपहर 1:00 बजे से 4:00 बजे तक होगी। आयोजन की तैयारी पुरजोर गति चल रही है। 18 जून को दोपहर 12 बजे भव्य शोभा यात्रा शिव भजन के साथ ग्राम देवी शीतला माता के मंदिर से निकल कर अंचल के ग्राम निकुम में विराजित श्री सिद्ध पीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर निकुम भ्रमण कर कथा स्थल पर कलश लेकर हर हर महादेव के जयकारो से गूंजते हुए पहुंचेगी।

कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा भी एयरपोर्ट रायपुर से कार से निकुम 18 जून को निकुम रेस्ट हाउस पहुंचेंगे। जिसकी सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी में पुलिस सहित प्रशासन लगा हुआ है। **प्रतिदिन भोजन भंडारा:** कथा स्थल के पास में ही भोजन भंडारा रखा गया है। वही भीड़ को देखते हुए चार डोम सहित अन्य पंडाल लगाए जा रहे हैं। सेवा सरकारी समिति निकुम में दो हेलीपैड उतर सकती है, मौके पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर पल पल की जानकारी ले रहे है, वही सभी से अपील करते हुए कहा कि इस धार्मिक शिव कथा में सभी मिलकर सहयोग कर कार्य को सफल बनाए। जिला प्रशासन के सभी विभाग के अधिकारी मौके पर आकर कार्य की तैयारी में जुटे हैं।

अंडा पुलिस टीम भी लगातार गश्त कर रही है। संयोजक रूपेश देशमुख ने कहा कि सभी तैयारी में जुटे है, बहुत भव्य आयोजन हो रहा है, शिव कथा की धारा निकुम में बहेगी, वही कथा पंडाल में दूर दराज व अन्य प्रदेश से श्रद्धालु आकर पंडाल में शिव भक्ति भजन में झूम रहे है।

### नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सीएमओ ने किया वार्डो का निरीक्षण



**बालोद।** नगर पंचायत गुंडरदेही में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन जी के द्वारा लगातार सभी वार्डो का निरीक्षण किया जा रहा है आज सुबह 8:00 से सभी वार्डों में अध्यक्ष प्रमोद जैन, उपाध्यक्ष विजय सोनकर, सीएमओ किरण पटेल मैडम , इंजीनियर राठिया जी ,राजस्व निरीक्षक ठाकुर जी, सफाई दरोगा मिश्रा जी साथ ही पार्षद हरीश निषाद ,संतोष नेताम ,हेमलता सोनी सलीम खान रोम लाल यादव शैल महोबिया भी उपस्थित रहे। जहां अध्यक्ष प्रमोद जैन एवं सीएमओ मैडम ने लोगों की समस्याएं सुनी और उन्हें पूरा करने का आश्वासन भी दिया साथ ही जिन जगहों में पानी की समस्या है वहां सिंटेक्स टंकी लगाने के लिए कहा गया। सड़क बिजली एवं अन्य समस्याओं को लेकर विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिया गया ।

20 जून को होगा हर घरों में एक सोखपीट निर्माण का लक्ष्य

# मोर गांव, मोर पानी महाअभियान : जल संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक पहल

**विजय मत, कवर्धा**

कबीरधाम जिले में जल संरक्षण को लेकर एक ऐतिहासिक कदम उठाया जा रहा है। गिरते भू-जल स्तर की गंभीर समस्या से निपटने और समुदाय को जल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए मोर गांव, मोर पानी महाअभियान का आयोजन 20 जून 2025 को प्रातः 6: बजे से दोपहर 12: बजे तक किया जाएगा।

इस 6 घंटे के विशेष अभियान में जिले के चारों विकासखण्ड कवर्धा, पंडरिया, बोड़ला एवं सहसपुर लोहारा के समस्त ग्रामों में सामूहिक भागीदारी से एक लाख से अधिक सोख पीटों का निर्माण एवं जल संरक्षण की शपथ दिलाई जाएगी। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने समय सीमा की बैठक में मोर गांव-मोर पानी महाभियान के कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए अधिकरियो को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए और इस पुनीत कार्य मे सहभागिता निभाने के लिए सभी से आग्रह किया।



कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि उन अभियान मानव और पर्यावरण सुरक्षा की नींव बनेगा। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने कहा कि ₹मोर गांव, मोर पानी₹ महाअभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की एक ठोस नींव रखेगा। उन्होंने 20 जून को आयोजित होने वाले इस अभियान को जल क्रांति का जनआंदोलन बताते हुए कहा कि यह जिले की मिट्टी, पानी और जीवन के संरक्षण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

कलेक्टर ने आज समय-सीमा बैठक में जिला, जनपद एवं ग्रामस्तरीय अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर अभियान की विस्तृत कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों– पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, आदिवासी, कृषि, सहकारिता, वन, मत्स्यपालन– तथा मितानिन, रोजगार सहायक, जनप्रतिनिधियों, सेवानिवृत्त शिक्षक-कर्मचारियों और सामाजिक संगठनों से अभियान में पूर्ण भागीदारी का आह्वान किया।

कलेक्टर श्री वर्मा ने प्रेरक शब्दो मे कहा कि ₹ हर बूंद की कद्र, हर प्रयास की गूंज झ यही बनेगी आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ जल और सुरक्षित जीवन की गारंटी।ह्वइस सोख पीट के माध्यम से बरसात के बहाने पानी को सहेज कर रखने और धरती में पानी की वपसी की तैयारी की जाएगी।

मजबूत इच्छाशक्ति एवं आत्मविश्वास से सफलता होगी हासिल

# मेहनत एवं लगन से पढ़ाई करें बच्चे : कलेक्टर

**विजय मत, राजनांदगांव**

नये शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के दौरान आयोजित शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों में उल्लास एवं खुशी का माहौल रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे आज पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने नव प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर एवं मीठा खिलाकर स्वागत किया। इसके साथ ही उन्होंने पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण किया।



उन्होंने बच्चों से बातचीत करते हुए अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि पहले पढ़ाई के समय अच्छे संसाधन एवं सुविधाएं उपलब्ध नहीं होती थी। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज के समय में शासन द्वारा स्कूल में पढ़ाई के लिए भरपूर संसाधन और सुविधाएं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शासकीय स्कूलों से बच्चों को अच्छी सफलता प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए स्कूल में प्रवेश दिलाते हैं। माता-पिता अपने बच्चों के बेहतर भविष्य एवं सफलता के लिए सकारात्मक सोच रखते हैं। उन्होंने बच्चों को मेहनत एवं लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। मजबूत इच्छाशक्ति एवं आत्मविश्वास से आप सफलता हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आप में से ही कोई कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, इंजीनियर, डॉक्टर होंगे तो कोई स्पोर्ट्स, शिक्षक, उद्योगपति जैसे बड़े पदों पर होंगे। अधिकांशतः सभी कक्षाओं में छात्राएं ही टॉप करती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इस शिक्षा सत्र में स्कूल से बहुत अच्छा परिणाम आना चाहिए। उन्होंने कहा कि माता-पिता बहुत विश्वास के साथ बच्चों को स्कूल में प्रवेश कराते हैं, उनकी बच्चों से बहुत अपेक्षाएं रहती हैं, आप सभी को इन अपेक्षाओं पर खरा उतरना है। सभी बच्चों का यह प्रयास होना चाहिए कि अच्छे विद्यार्थी और इंसान बने।

# किसानों को समय पर मिले खाद-बीज

## कलेक्टर ने समय सीमा बैठक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा

**विजय मत, महासमुंद**

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक लेकर एकमुश्त चावल वितरण, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान, मोर गांव मोर पानी अभियान की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही बैठक में शासन की प्राथमिकताओं, जनघोषणाओं, योजनाओं और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में वनमंडलाधिकारी मयंक पांडेय, जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, अपर कलेक्टर रवि साहू एवं रविराज ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारीगण एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने शाला प्रवेशोत्सव के सफल आयोजन के निर्देश दिए और कहा कि ह्लजिले के किसी भी स्कूल में तालाबंदी की नौबत न आएं। युक्तियुक्तकरण अंतर्गत सभी शालाओं में शिक्षकों की व्यवस्था की गई है। जिससे कोई भी विद्यालय एकल शिक्षकीय नहीं है। उन्होंने सभी एसडीएम और डीईओ को निर्देशित किया कि प्रत्येक विद्यालय नियत समय पर खुले और विद्यार्थियों को गणवेश, पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने मुख्यमंत्री के महासमुंद प्रवास के दौरान की गई घोषणाओं पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश देते हुए कहा कि घोषणाओं का वर्क ऑर्डर शीघ्र निर्गत कर कार्य प्रारंभ करें। जनपद सीईओ और निर्माण एजेंसियां इस कार्य को गंभीरता से लें और जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सरकार की स्थानांतरण नीति के तहत प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि 25 जून तक सभी आवदनों को जिला स्तर पर अनुमोदन कर प्रभारी मंत्री को भेजा जाएगा। सभी संबंधित प्रभारी अधिकारियों को इस कार्य को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने कहा गया।




कलेक्टर ने कहा कि धरती आबा अभियान के तहत जनजातीय बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना और उन्हें केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उनका लाभ दिलवाना है। उन्होंने धरती अभियान अंतर्गत शिविरों के सफल संचालन हेतु सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि वे आपसी समन्वय के साथ ह्लअपने-अपने विकासखण्डों के चयनित ग्रामों में शिविर आयोजन कर विशेष जनजाति परिवारों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। जिले में आज 17 जून से 30 जून तक शिविर का आयोजन कर 306 ग्रामों के जनजातीय समुदाय को लाभान्वित किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम ऐतिहासिक नगरी सिरपुर में आयोजित किया जा रहा है। सभी अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया है। कलेक्टर ने जिले के समस्त ग्राम पंचायतों, नगर एवं जनपद मुख्यालयों, शासकीय कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया है कि वे योग संगम पंजीकरण पोर्टल पर नागरिकों का अधिकतम पंजीकरण सुनिश्चित करें और उन्हें कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने हेतु प्रेरित करें। किसानों को समय पर खाद एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा गया। साथ ही खाद वितरण पॉस मशीन के माध्यम से करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी निजी दुकान में खाद का अवैध भंडारण पाए जाने पर तत्काल जब्ती की कार्रवाई की जाए।

# भाठागांव-धमतरी रोड निर्माण से प्रभावित नागरिकों को मिलेगा न्याय: बृजमोहन

**विजय मत, रायपुर**

रायपुर सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल से आज भाठागांव से धमतरी रोड तक नहर के ऊपर निमार्णाधीन सड़क से प्रभावित नागरिकों ने भेंट कर अपनी समस्याएं साझा कीं। नागरिकों ने बताया कि वे विगत 40 वर्षों से अधिक समय से वहां निवासरत हैं और उन्हें बेघर न किया जाए। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सभी प्रभावितों की बातें गंभीरता से सुनी और उन्हें भरोसा दिलाया कि उनके साथ न्याय



होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि, हम विकास भी करेंगे और जनता को भी सुरक्षा और सम्मान के साथ रखेंगे। किसी को भी बेघर नहीं किया जाएगा। यदि किसी की जमीन सड़क निर्माण के दायरे में आती है, तो उन्हें नियमानुसार अन्य स्थान पर वैकल्पिक आवास अथवा आवासीय भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। सांसद श्री अग्रवाल ने संबंधित विभागों से भी समन्वय कर प्रभावितों के पुनर्वास की प्रक्रिया को पारदर्शी और संवेदनशील ढंग से संपन्न कराने की बात कही। आश्वासन पाकर उपस्थित लोगों ने श्री अग्रवाल का आभार जताया।

# स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल से बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति की सौजन्य भेंट

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आज एक महत्वपूर्ण मुलाकात का आयोजन हुआ, जिसमें प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से डोंगरगढ़ स्थित बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के प्रतिनिधियों ने सौजन्य भेंट की। यह भेंट रायपुर स्थित मंत्री निवास कार्यालय में हुई, जिसमें ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के साथ वरिष्ठ सदस्य अनिल गंडानी, प्रकाश बिंदल और महेंद्र भाई पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मुलाकात का प्रमुख उद्देश्य मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय द्वारा संचालित किए जा रहे डायग्नोस्टिक सेंटर के लोकार्पण कार्यक्रम हेतु स्वास्थ्य मंत्री को औपचारिक आमंत्रण देना था।

यह डायग्नोस्टिक सेंटर डोंगरगढ़ के नागरिकों और आसपास के ग्रामीण अंचलों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा, जहां अभी तक स्वास्थ्य सुविधाओं की सीमित उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बनी हुई थी। मुलाकात के दौरान ट्रस्ट समिति के सदस्यों ने मंत्री को बताया कि यह डायग्नोस्टिक सेंटर अत्याधुनिक तकनीकों से सुसज्जित है, जिसमें एक्स-रे, सोनोग्राफी, ब्लड टेस्ट, ईसीजी, शुगर टेस्ट, यूरिन एनालिसिस जैसे अनेक सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जाएंगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह केंद्र पूरी तरह से धर्मार्थ (चारिटी आधारित) मॉडल पर संचालित होगा, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों



को भी गुणवत्तापूर्ण जांच सेवाएं सुलभ दरों पर अथवा निःशुल्क मिल सकेंगी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए ट्रस्ट समिति को धन्यवाद ज्ञापित किया और आश्वासन दिया कि राज्य सरकार जनहित में चलाए जा रहे इस प्रकार के स्वास्थ्य संबंधी प्रयासों को सदैव सहयोग प्रदान करती रहेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता में सबके लिए स्वास्थ्य एक प्रमुख उद्देश्य है, और ऐसे धर्मार्थ संस्थानों की भागीदारी से यह लक्ष्य और भी प्रभावी रूप से प्राप्त किया जा सकता है। मंत्री जायसवाल ने यह भी कहा कि राज्य के दूरस्थ और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में जब निजी संस्थान जनकल्याण की भावना से आगे आते हैं, तो यह समाज में एक सकारात्मक संदेश देता है और शासन के साथ-साथ जनता का विश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने ट्रस्ट समिति को सुझाव दिया कि भविष्य में ग्रामीण मोबाइल स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में भी विचार किया जा सकता है, ताकि और अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँच सकें। मुलाकात के अंत में ट्रस्ट समिति ने मंत्री जी को बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट की अन्य सामाजिक गतिविधियों की जानकारी भी दी, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण और आपदा राहत जैसे क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ट्रस्ट भविष्य में एक आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र तथा एक मेडिकल कैंपेन वैन की योजना पर भी कार्य कर रहा है। मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय का यह डायग्नोस्टिक सेंटर डोंगरगढ़ ही नहीं, वरन आसपास के कई जिलों के लिए एक वरदान साबित हो सकता है। आगामी लोकार्पण कार्यक्रम में राज्य के अनेक वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी शामिल होंगे। इस सौजन्य भेंट ने यह साबित कर दिया कि जब समाज और शासन मिलकर कार्य करते हैं, तो परिणाम न केवल सकारात्मक होते हैं, बल्कि व्यापक स्तर पर जनकल्याण की दिशा में एक मजबूत आधार भी निर्मित होता है।

# योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने जिले में मनाया जा रहा है योग सप्ताह

**विजय मत, जशपुर**

करो योग रहो निरोग इस प्रेरणादायी संदेश के साथ जिले में योग सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को योग के लाभों से अवगत कराना और उन्हें नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित करना है। आज तीसरे दिन 19 ग्रामों में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ।आज जिले के जशपुर विकासखंड अंतर्गत शा.प्रा.शाला तेलीटोली एवं शा. हाई स्कूल पोरतेंगा। मनोरा विकासखंड अंतर्गत शा. प्रा. शाला आमगांव एवं शा. प्रा. शाला गिधा।

बगीचा विकासखंड अंतर्गत शा. हाई स्कूल सरकोम्बो, शा. प्रा. शाला गायबुडा, शा. प्रा. शाला एकम्बा और शा. प्रा. शाला महुआडीह। कांसाबेल विकासखंड अंतर्गत शा.उ. मा. वि. टांगरगांव एवं शा.उ. मा. वि. चोंगरीबहार। कुनकुरी विकासखंड अंतर्गत शा. प्रा. शाला कलिबा और शा. प्रा. शाला बनकोम्बो। दुलदुला विकासखंड



अंतर्गत शा.उ. मा. वि. बंगुरकेला। फरसाबहार विकासखंड अंतर्गत शा.उ. मा. वि. तपकरा और शा. प्रा. शाला डुमरिया। पत्थलगांव विकासखंड अंतर्गत पंचायत भवन कछार, शा. प्रा. शाला सुसडेगा, शा. प्रा. शाला कुकुर भूका और हाई स्कूल मैदान बुलडेगा में योग संबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों, शिक्षकों, अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। योग कार्यक्रम में प्रशिक्षकों के द्वारा शलभासन, उत्तानपादासन, वृक्षासन, ताड़ासन, पद्मासन, पवनमुक्तासन सहित विभिन्न योगासन एवं प्राणयाम का अभ्यास कराया गया और योग से होने वाले लाभों की जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य शासन के निदेर्शानुसार 15 से 21 जून तक योग महाकुंभ योग को उत्सव के रूप में मनाने एवं अधिक से अधिक जनसामान्य को प्रेरित करने हेतु योग सप्ताह के रूप में विविध योग संबंधी गतिविधियों का आयोजन जिले में किया जा रहा है।

# शाला प्रवेश उत्सव : विधायक शकुंतला की उपस्थिति में सेजेस प्रतापपुर में हुआ भव्य आयोजन

सूरजपुर। विकासखंड प्रतापपुर के सेजेस विद्यालय में विगत दिवस शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक शकुंतला पोर्ते उपस्थित रहीं। उन्होंने स्कूल में प्रवेश ले रहे बच्चों का पुष्पगुच्छ व तिलक लगाकर स्वागत किया और उन्हें शिक्षा का महत्व बताया। शासन द्वारा शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से विद्यालयों में बच्चों को उत्साहपूर्वक प्रवेश दिलाने का यह प्रयास न केवल शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाता है, बल्कि विद्यार्थियों में स्कूल जाने को लेकर नई उमंग, उत्साह और आत्मविश्वास भी जगाता है। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण, पालकगण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में विधायक पोर्ते ने कहा कि शिक्षा से ही समाज और राष्ट्र का भविष्य सशक्त बनता है।

# बंग्लादेशी घुसपैठ केंद्र की नाकामी : दीपक बैज

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की पत्रकारों से चर्चा

**विजय मत, रायपुर**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि प्रदेश में रोज रोहंगिया, और बांग्लादेशी नागरिकों के पकड़े जाने की खबरे सामने आ रही है। पाकिस्तान म्यांमार से भी घुसपैठिये छत्तीसगढ़ आये, ऐसा दावा किया जा रहा है। इतनी बड़ी संख्या में देश की सीमायें पार करके घुसपैठिये आ गये है, यह तो केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की विफलता है। केंद्र सरकार देश की सीमाओं को सुरक्षित नहीं रख पा रही तभी विदेशी घुसपैठिये देश के मध्य में स्थित छत्तीसगढ़ आ रहे। बताया जा रहे 10-12 सालों से राज्य में बांग्लादेशी रह रहे थे तब तो देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार थी। मैं मुख्यमंत्री साय और गृहमंत्री विजय शर्मा को बधाई देता हूं कि वे प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री की विफलता को उजागर करने का साहस दिखा रहे।

**सरकार गरीबों के आशियाने उजाड़े जा रहे:** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मैं रायगढ़ गया था वहां सरकार की तानाशाही और आतंक देखने को मिला, गरीबों



के आशियाने उजाड़े गये। चंद बिल्डरों को फायदा पहुंचाने गरीबों को बेघर किया जा रहा है। यह सरकार की असंवेदनशीलता है।

**प्रदेश में जंगलराज चल रहा:** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में जंगलराज चल रहा, रेत माफिया कभी गोली चला रहा, कभी पत्रकारों को पीट रहा, कभी विरोध करने वाले को खंभे से पीट कर मारा जा रहा, कभी सिपाही की ट्रैक्टर से कुचल कर हत्या की जा रही है। धमतरी में रेत माफिया चाकूबाजी किये, पुलिस ने गिरफ्तार किया, वो थाना से फरार हो गया। रेत माफिया बेलगाम हो चुका है, सरकार का कोई अंकुश नहीं है।

**सरकार कौन चला रहा?:** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि एक बड़ी बहस प्रदेश में चल रही कि राज्य की सरकार मुख्यमंत्री नहीं विधानसभा अध्यक्ष, राज्यपाल चला रहे। प्रदेश में संविधानेत्तर सत्ता हावी है। विधानसभा अध्यक्ष सीधे शिक्षा सचिव को पत्र लिख रहे, राज्यपाल जिलों में समीक्षा बैठक लेते है, मतलब राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष को मुख्यमंत्री की क्षमता पर भरोसा नहीं है। तभी सीधे फील्ड में उतर कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे।

***स्कूल बंद कर रहे प्रवेश उत्सव मना रहे:*** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के विरोध में हमारा आंदोलन शुरू है। डीईओ ऑफिस का घेराव कार्यक्रम चालू है। सरकार शाला प्रवेशोत्सव मना रही और 10400 से अधिक स्कूल बंद कर दिये है। नये सेटअप के नाम पर 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त कर दिये, स्कूल बंद कर रहे बेशमीर्पूर्वक शाला प्रवेश उत्सव मना रहे।

# विधायक हर्षिता के नेतृत्व मे ब्लॉक कांग्रेस ने किया पी डब्लू डी का घेराव

### अव्यवस्थित यातायात सुविधा और आयेदिन हो रही एक्सिडेंट को लेकर सौंपा ज्ञापन

**विजय मत, डोंगरगढ़**

डोंगरगढ़ शहर में मंगलवार को कांग्रेस ने बढ़ती सडक दुर्घटना को लेकर स्थानीय पीडब्ल्यूडी ऑफिस का घेराव किया। स्थानीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय राज सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने घंटों पीडब्लूडी ऑफिस का घेराव कर जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ खैरागढ़ मुख्य मार्ग पिछले लंबे समय से सडक दुर्घटनाओं के अंबर के चलते लगातार खून से लाल होती आ रही है। जिसके चलते लंबे समय से शहर की जनता में प्रशासन को लेकर आक्रोश देखने को मिल रहा है, शहर की जनता लंबे समय से इस रोड में ट्रैफिक पुलिस, स्टॉपर और पीडब्ल्यूडी



के द्वारा ब्रेकर निर्माण की मांग करती आ रही है।

जनता की मांगों को ना सुनने की वजह से कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर आज स्थानीय हाई स्कूल चौक में चक्का जाम की चेतावनी दी थी। चक्का जाम को लेकर पुलिस प्रशासन ने आनन फानन में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती करवाने के आदेश और स्टॉपर लगाने का आदेश भी दे दिया जिसके चलते चक्का जाम जैसी स्थिति नहीं बनी। पीडब्ल्यूडी के एसडीओ ने ऐसे गम्भीर जनहित से जुड़े इस मुद्दे पर लगातार उदासीन रवैया अपना कर बैठे हुए थे। इस गम्भीर समस्या को देखते हुए स्थानीय विधायक एवं नवाज खान जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय राज सिंह के द्वारा सभी कांग्रेसी कार्यकताओं सहित पीडब्लूडी ऑफिस का घेराव कर किया।

प्रदर्शन पर बैठे कांग्रेसी लगातार इस मुख्य सडक पर ब्रेकर निर्माण की मांग पर अड़े रहे। लेकिन एसडीओ पी डब्लू डी कुछ भी कहने से बचते रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को दी गई प्रशस्ति पत्र

**विजय मत, गरियाबंद**

पुलिस इस पहल के तहत पुलिसकर्मियों द्वारा ड्यूटी के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को कॉप ऑफ द मंथ का चुना किया जाता है। माह मई 2025 में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारी निरीक्षक अमृत साहू थाना राजिम को म्यूल खाताधारकों, जिला बदर, नये गुण्डे बदमाश की हिस्ट्री खोलने एवं 129 बीएनएसएस की



कार्यवाही करने में विशेष भूमिका, निरीक्षक शिवशंकर हुर्रा थाना प्रभारी मैनपुर को लूट,गांजा, बलात्कार के प्रकरणो के आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी करने में विशेष भूमिका ।

जेइसी क्रम में आरक्षक जय कंसारी थाना देवभोग के द्वारा 56 किलो ग्राम गांजा को अपने मुखबीर से पकड़वा कर आरोपी की गिरफ्तारी करवाने में विशेष भूमिका, आर. 154 सतीश गिरी गोस्वामी स्पेश टीम गरियाबंद के द्वारा 60 लाख के धोखाधड़ी एवं म्यूल खताधाकों की गिरफ्तारी करवाने में विशेष भूमिका, आर. 295 कृतेश प्रजापति स्पेश टीम गरियाबंद के द्वारा 60 लाख के धोखाधड़ी एवं म्यूल खताधाकों की गिरफ्तारी करवाने में विशेष भूमिका रही।

# महंत आशीष दास की अपील को रायपुर संभागायुक्त ने खारिज किया

**विजय मत, रायपुर**

संभागायुक्त महादेव कावरे द्वारा ग्राम धरमपुरा स्थित मठ/मंदिर की 55 एकड़ भूमि के संबंध में महंत आशीष दास की अपील खारिज किया जिसमे तहसीलदार रायपुर द्वारा भूमि को सरवराकर महंत आशीष दास को देने का आदेश दिया था । तहसीलदार के आदेश को एसडीएम ने निरस्त कर दिया था और इसकी अपील संभागायुक्त को की गई थी । *इसमें तहसीलदार ने मुख्य रूप से वसीयत के आधार पर नामांतरण किया गया था, लेकिन भूमि में प्रबंधक कलेक्टर होने के बावजूद तहसीलदार ने महंत आशीष दास के पक्ष में आदेश पारित किया था जो अब निरस्त रहेगा।

संभागायुक्त ने माननीय उच्चतम न्यायालय के न्याय दृष्टांत जितेंद्र सिंह विरुद्ध स्टेट आफ एमपी एंड आदर्श 2022 का उल्लेख किया कि वसीयत के विवाद के मामले में माननीय सिविल न्यायालय में जाकर अपना पक्ष सिद्ध करने पर नामांतरण किया जाएगा । इस मामले में महंत आशीष दास द्वारा सिविल में प्रकरण नहीं प्रस्तुत किया गया है ।

### 14 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित किया, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के 200 से अधिक छात्र शामिल हुए

# बालको के ग्रीष्मकालीन शिविर ने बच्चों के सर्वांगीण विकास को दिया बढ़ावा

**विजय मत, बालको नगर**

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने ग्रीष्मकालीन शिविर का सफल आयोजन किया। शिविर का उद्देश्य बच्चों में सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता और कौशल निर्माण को बढ़ावा देना था। दो चरणों में आयोजित शिविर में इस वर्ष 600 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। यह बालको की कर्मचारी कल्याण एवं सामुदायिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

सामुदायिक विकास कार्यक्रम 'प्रोजेक्ट कनेक्ट' के अंतर्गत कंपनी ने 14 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित किया, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के 200 से अधिक छात्र शामिल हुए। ये छात्र आस-पास के सरकारी स्कूल में अध्ययनरत हैं। 'प्रोजेक्ट कनेक्ट' का उद्देश्य इन स्कूलों में सीखने के माहौल को बेहतर बनाना है, जिसमें छात्र प्रदर्शन में सुधार, शिक्षकों की क्षमताओं का निर्माण और



विज्ञान, अंग्रेजी, गणित और लेखाशास्त्र (सेमा) जैसे विषयों में करियर मार्गदर्शन शामिल है। ग्रीष्मकालीन शिविर में शैक्षिक सत्र के साथ-साथ कैलिग्राफी, चित्रकला, नृत्य, व्यक्तित्व विकास और आत्मरक्षा जैसे रचनात्मक और जीवन कौशल से जुड़े सत्र आयोजित किए गए। इन सत्र का संचालन कंपनी के कर्मचारी स्वयंसेवकों ने किया।

बालको टाउनशिप में कर्मचारियों के बच्चों के लिए साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 400 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह शिविर



बालको की जीवन गुणवत्ता को बढ़ाने की परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। इस शिविर में मजेदार और शिक्षाप्रद गतिविधियों के साथ-साथ योग, गुड टचझबैड टच जागरूकता और रचनात्मकता को विकसित करने वाले सत्र का आयोजन किया गया। बालको के कर्मचारी और इंटर्न्स ने सत्र का संचालन कर बच्चों को प्रोत्साहित किया।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि बच्चे हमारे बेहतर भविष्य की आशा हैं और इस आशा को स्नेह, अवसर और प्रेरणा के साथ पोषित करना हमारी जिम्मेदारी है। बालको में हम अपने टाउनशिप और आस-पास की समुदाय को अपनी साझा उद्देश्य का हिस्सा मानते हैं। हमें एक ऐसा वातावरण तैयार करना, जहां हर बच्चे को समग्र विकास के अवसर मिलें। सरकारी स्कूल की प्रतिभागी छात्रा अंजलि साहू ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा कि प्रोजेक्ट कनेक्ट ने साल भर मेरी पढ़ाई में बहुत मदद की है। ग्रीष्मकालीन शिविर ने व्यक्तित्व विकास और आत्मरक्षा जैसे उपयोगी सत्रों के माध्यम से और भी ज्यादा लाभ पहुंचाया। इन सत्रों ने पढ़ाई को मजेदार बना दिया और मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया।

ग्रीष्मकालीन शिविर बच्चों को आत्म-अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और समग्र विकास के लिए एक मंच प्रदान करता है। बालको, समावेशी और समृद्ध अनुभवों के माध्यम से अगली पीढ़ी को स्नेहपूर्वक संवारते हुए, अपने कर्मचारियों और समुदाय के साथ परस्पर सहयोग की भावना को और मजबूत किया है।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# नरेन्द्र मोदी के 11 वर्षों में अभूतपूर्व कार्यों से देश निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर



डॉ. राघवेंद्र शर्मा

> एक निश्चित समय बाद बच्चों के अभिभावकों को लगा कि अब तक तो बालक सर्वांगीण विकास को प्राप्त हो चुका होगा। लेकिन जैसे ही उनका गुरुकुल, गुरु और उस बच्चे से साक्षात्कार होता है तो अपेक्षित परिणाम देखने को नहीं मिलते। इस पर गुरु से सवाल किए जाते हैं कि हमने आपके ही आश्रम में इतने ही समय में अन्य बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से विकसित होते देखा है।

आजकल प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सभी प्लेटफार्मों पर मोदी सरकार के 11 सालों के कार्यकाल की समीक्षा हो रही है। सभी विषय विशेषज्ञ अपनी अपनी तरह से उनकी कार्यशैली और देश की वर्तमान स्थिति को विश्लेषित कर रहे हैं। यहां एक बात जो विशेष रूप से दिखाई देती है, वह यह है कि सब लोग प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 11 सालों के कार्यकाल की बात तो कर रहे हैं, वह देश हित में कितना बेहतर कर पाए अथवा और क्या-क्या कर सकते थे इस बात पर भी चर्चा हो रही है। किंतु इस बात पर किसी का भी ध्यान नहीं गया की श्री मोदी किन परिस्थितियों में देश के प्रधानमंत्री बने और अब किन हालातो में स्वयं को भारत का प्रधान सेवक मानकर उसकी बेहतरीन की सेवा में लगे हुए हैं। इसे समझने के लिए हमें उस कथानक पर गौर करना होगा, जिसके तहत गलत वातावरण में पले बढ़े एक बच्चे को एक योग्य विशेषज्ञ अथवा शिक्षक के पास ले जाया जाता है। शिक्षक से अपेक्षा की जाती है कि वह उक्त बालक को शारीरिक और बौद्धिक रूप से विकसित करे, उसे सही दिशा दिखाए। सिखाने वाला इस चुनौती को स्वीकार भी करता है और अपने कर्तव्य के निर्वहन में जी लगाकर जुट जाता है। फिर हमारे बच्चे को क्या हुआ यह क्यों विकास को प्राप्त नहीं हो पा रहा क्या हमारा बच्चा भौतिक अथवा दैविक प्रतिकूलता का शिकार है या इसमें कोई जन्म जात कमी है क्या हम इसे पौष्टिक आहार नहीं देते देते क्या यह किसी प्रकार के कुपोषण का शिकार है इस पर गुरु का जवाब होता है बच्चा पूर्ण रूप से स्वस्थ है। इसमें कोई कमी नहीं है, ना ही इसका किसी भी प्रकार का दोष है। दोष है तो केवल उस परिवेश का जिसमें अभी तक यह रह रहा था। दरअसल मेरे गुरुकुल में बाकी जितने भी बच्चे आए उनके कच्चे मन में मैंने जो उत्कृष्ट विचार वीजारोपित करना था वह किया और मैं सफल भी रहा। सभी बच्चे सामान्य रूप से विकास को प्राप्त हो रहे हैं। लेकिन आपके बच्चे का दुर्भाग्य यह है कि वह लंबे समय तक गलत परिवेश में दिग्भ्रमित प्रशिक्षण को प्राप्त होता रहा। उसने वहां जो कुछ भी सीखा उसे अच्छी तरह से मन मस्तिष्क में बिठा लिया। अब समस्या यह है कि मुझे पहले इसके मन मस्तिष्क में गहरे तक पैठ चुके उन दूषित विचारों, स्मृतियों को विलोपित करने के लिए अतिरिक्त मेहनत करना पड़ रही है, जो इसे गलत परिवेश और अनुचित प्रशिक्षण से प्राप्त हुए थे। जब यह पुरानी गलत चीजों को अपनी स्मृतियों से हटा देगा तभी यह नई और सही चीजों को पूरी तरह से ग्रहण कर पाएगा। यह ठीक वैसा उपक्रम है जैसे एक साफ सुथरी कॉपी पर मनचाहा लेख लिख देना और एक लिखी हुई कॉपी पर पहले पुराने लिखे हुए को मिटाने का उद्यम करना और फिर वहां पर स्पष्ट रूप से नए अक्षरों अथवा शब्दों को अंकित करना। स्पष्ट शब्दों में कहा जाए तो साफ सुथरी कॉपी पर लिखने में जितना समय लगा, पूर्व से लिखी हुई कॉपी का मिटाकर उस पर नया लिखने में अतिरिक्त समय लगाना पड़ गया। अब जैसे जैसे इस बालक के मन मस्तिष्क से पुराने दिग्भ्रमित और गलत प्रशिक्षण की स्मृतियां विलोपित होती जा रही हैं, वैसे-वैसे यह उत्तम गुणों को ग्रहण करता जा रहा है। जल्दी ही यह अन्य बच्चों के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा और सर्वांगीण विकास के मामले में स्वयं को उत्कृष्ट साबित करने में सफल साबित होगा। ऐसा ही हुआ, कुछ समय बाद समाज ने देखा कि वह बालक अच्छे संस्कार, उत्तम सीख पाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करता दिखाई दे रहा है। उसने शारीरिक एवं मानसिक परिपक्वता प्राप्त करते हुए विकास की तीव्र गति पकड़ ली है। यही स्थिति हमारे भारत देश की है। इसकी बागडोर लगभग 70 सालों तक अधिकांशतः ऐसी सरकारों के हाथ में बनी रही, जिन्होंने यह सपना देखा ही नहीं कि हम विश्व की तीन प्रमुख आर्थिक शक्तियों में शामिल हो सकते हैं। उक्त सरकारों ने कभी कल्पना की ही नहीं कि भारत देश कभी विश्व की महाशक्ति भी बन सकता है। उन्होंने कभी माना ही नहीं कि हम कभी विश्व गुरु हुआ करते थे। अधिकांश हुक्मरान भारतीय संप्रभुता के मामले में रक्षात्मक युद्ध नीति को ही अपनाते रहे। कभी यह आभास हुआ ही नहीं कि हम अपना अनिष्ट चाहने वाले को उसके घर में घुसकर मार सकते हैं। विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए स्वदेशी आचार विचार पर कभी ध्यान गया ही नहीं। फल स्वरुप हम छोटी-छोटी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आयात पर ही निर्भर बने रहे। जब 2014 में श्री नरेंद्र मोदी को देश की बागडोर सौंपी गई तब उसकी स्थिति ऐसे वीर हनुमान जैसी थी जो अपनी समस्त शक्तियों को भूलकर सुप्त अवस्था में पड़े हुए थे। आवश्यकता थी तो उन्हें यह याद दिलाने की -



**कवन सो काज कठिन जग माहि।**
**जो नहीं होय तात तुम पाही ।।**

सुंदरकांड में जब जामवंत जी हनुमान जी को उनकी शक्तियों का स्मरण कराते हैं, तब वह मानसिक रूप से जागृत अवस्था को प्राप्त होते हैं। लंबे कालखंड तक अपनी शक्तियां विस्मृत हो जाने से जो हनुमान जी सुग्रीव की किंचित सहायता ना कर सके, वह पल भर में समुद्र को लांघ जाते हैं, लंका को जला देते हैं, सीता माता का पता लगा लेते हैं, श्री राम और राजा सुग्रीव को माता सीता की कुशलता का समाचार देकर सारी वानर सी को मृत्युदंड से बचा लेते हैं। बड़े-बड़े राक्षसों का केवल बाईं भुजा से अंत करते चले जाते हैं। यही नहीं, आवश्यकता पड़ने पर संजीवनी लाकर लक्ष्मण जी के प्राणों की रक्षा भी करते हैं। अंततः एक समय ऐसा भी आता है जब श्री हनुमान जी अपना सीना चीर कर यह प्रतिपादित करते हैं कि संपूर्ण ब्रह्मांड के नायक श्री राम, माता सीता और अनुज लक्ष्मण के साथ उनके हृदय में विराजमान हैं। लिखने का आशय यह कि हनुमान जी शुरू से ही बलहीन थे, ऐसा नहीं है। वे जन्म से ही शक्तिशाली थे। बुद्धि विवेक के मामले में भी उनका कोई प्रतिद्वंद्वी नहीं था। आवश्यकता थी तो केवल इस बात की कि सही समय पर कोई उन्हें उनकी शक्तियों का एहसास करा दे। हुआ भी ऐसा ही, जैसे जामवंत जी ने हनुमान जी को उनकी शक्तियों का एहसास कराया वे इतिहास रचते चले गए। बस ऐसा ही कुछ श्री नरेंद्र मोदी ने सरकार में आने के बाद किया। पहले उन्होंने पूरी गंभीरता से 70 साल की सरकारी कारगुजारियों पर दृष्टिपात किया। फिर इस दौरान जो गलत और बेकार था उन्हें मिटाया। निसंदेह इस अध्ययन में पर्याप्त समय लगा। लेकिन उसके बाद जो देश हित में प्रतीत हुआ, विकसित भारत की कल्पना लेकर उसे जोड़ते हुए आगे चल पड़े। हमारा देश भी सनातन काल से सोने की चिड़िया, विश्व गुरु और अनेक गरिमामय सम्मानों से अलंकृत था।

**लेखक-स्वतंत्र पत्रकार है**

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

# आतंकवाद पर नियंत्रण एक जटिल कवायद

पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की श्रृंखलाबद्ध प्रतिक्रिया हुई और पाकिस्तान में आंतकी अड्डों को निशाना बनाया गया. अब, संघर्षविराम लागू हो चुका है, इसलिए यह इस बात पर विचार करने के लिए उचित समय है कि समाज में व्याप्त इस कैंसर जैसी प्रवृत्ति का मुकाबला कैसे किया जाए. 9/11/2011 को ट्विन टावर्स पर हुए आतंकी हमले में 2000 से अधिक लोगों की मौत के बाद से यह मुद्दा अधिक चर्चा में है. 'इस्लामिक आतंकवाद' शब्द अमरीकी मीडिया ने गढ़ा था और बाद में दुनिया भर में इसका इस्तेमाल इस्लाम को आतंकवाद से जोड़ने के लिए किया जाने लगा। वैसे आतंकी घटनाओं को तो परिभाषित किया गया है, लेकिन आतंकवाद को परिभाषित करना आसान नहीं है और इस प्रवृत्ति से संबंधित क्रियाकलापों से जुड़ी संयुक्त राष्ट्रसंघ की संस्थाएं भी अब तक इसे परिभाषित नहीं कर सकी हैं. जहां तक भारत का सवाल है, यहां ब्रेनवाश किए गए मुस्लिम युवकों द्वारा हत्यायों का विक्षिप्तापूर्ण कार्य लंबे समय से चल रहा है. भारत में 26/11/2008 को मुंबई पर हमला हुआ जिसमें करीब 200 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी. इसका सबसे दिलचस्प पहलू यह था कि महाराष्ट्र एटीएस के प्रमुख हेमंत करकरे भी इस हमले में मारे गए थे। इसके समानांतर हमने पहले नांदेड़ (2006) और उसके बाद चार आतंकी हमले देखे - मालेगांव, अजमेर, मक्का मस्जिद और समझौता एक्सप्रेस. मालेगांव के मामले में एनआईए ने पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को मौत की सजा दिए जाने की मांग की है, जिनकी मोटरसाईकिल का इस हमले के लिए इस्तेमाल किया गया था. इसके अलाव ले. कर्नल पुरोहित पर भी मुकदमा चल रहा है और इसमें स्वामी असीमानंद, मेजर (सेवानिवृत्त) उपाध्याय और हिन्दुत्व राजनीति से जुड़े कई अन्य लोगों का नाम भी सामने आया।

**नोट**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# साइप्रस यात्रा के जरिए तुर्की को कूटनीतिक जवाब

उमेश चतुर्वेदी

> ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी से पूछा गया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर भारत की कार्रवाई इतनी सटीक क्यों रही? पाकिस्तान की खुफिया सेवा इसे भांप क्यों नहीं पाई, पाकिस्तानी राजनेता और सेना क्यों भारतीय कार्रवाई का अंदाजा नहीं लगा पाए। सवाल खत्म होते ही प्रधानमंत्री ठठाकर हंस पड़े। हंसते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना और राजनीति भारत के विपक्षी दलों की ही तरह हैं। जिस तरह वे मेरे बारे में अंदाजा नहीं लगा सकते, कुछ उसी तरह पाकिस्तानी भी अंदाजा नहीं लगा सकते।

दिल्ली में केंद्रीय सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी के कदमों को देखिए। हर बार वे चौंकाते रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब समूचा विपक्ष भारत सरकार की विदेश नीति की नाकामी को लेकर मोदी सरकार पर निशाना लगा रहा था, प्रधानमंत्री ने साइप्रस की यात्रा करके देश को चौंका दिया है। दिल्ली में केंद्रीय सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी के कदमों को देखिए। हर बार वे चौंकाते रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब समूचा विपक्ष भारत सरकार की विदेश नीति की नाकामी को लेकर मोदी सरकार पर निशाना लगा रहा था, प्रधानमंत्री ने साइप्रस की यात्रा करके देश को चौंका दिया है। भूमध्य सागर के द्वीपीय देश साइप्रस की यात्रा का अचानक से ऐलान होना और कनाडा जाते हुए रास्ते में प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस उतरना और वहां के शीर्ष नेताओं से मिलना भारतीय विदेश नीति का चौंकाऊं फैसला ही है। देश के शीर्ष नेताओं की विदेश यात्राएं अरसा पहले से तय होती हैं, उसकी जानकारी राजनीति के साथ ही पत्रकारिता को भी होती है। लेकिन प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा अचानक से हुई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा का 14 मई को अचानक ऐलान किया। साइप्रस की राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री मोदी ने वहां के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स से बातचीत भी की। ऐसे में सवाल यह उठ सकता है कि साइप्रस की यह अचानक यात्रा क्यों ?



इस सवाल के जवाब में एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुई घटनाओं की ओर लौटना होगा। याद कीजिए, तब पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन के जरिए सैकड़ों हमले किए थे। उन हमलों को बेशक भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। साइप्रस की यात्रा के लिए हमें उन हमलों में इस्तेमाल हुए ड्रोन को देखना होगा। पाकिस्तान ने जिन ड्रोन से हमले किए, ज्यादातर तुर्की में बने सोनगार ड्रोन थे। हवाई हमलों में तुर्की के इन ड्रोन को बेहद मारक माना जाता है। हालांकि वे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम के सामने बेकार ही साबित हुए। कूटनीतिक हलकों को पता है कि तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन ने पाकिस्तान को उपलब्ध कराया। अर्दोआन ने पर्दे के पीछे से पाकिस्तान का साथ दिया। इतना ही नहीं, भारत ने जब इस बात को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने रखा तो अर्दोआन ने ट्वीटर पर 'पाकिस्तान-तुर्की दोस्ती जिंदाबाद' लिखकर एक तरह से भारत के आरोप को साबित कर दिया। इसे भारत को मुंह चिढ़ाना भी कह सकते हैं। यह उस तुर्की का कदम था, जिसे भारत ने दो साल पहले दिल खोलकर मानवीय आधार पर सहयोग दिया था। छह फरवरी 2023 को तुर्की में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, उस झटके में तुर्की में 53 हजार लोगों की मौत हो गई थी, हजारों लोग घायल हो गए थे। जान-माल के भारी नुकसान के बाद भारत ने मानवीय सहायता के साथ ही विशेषज्ञों की टीम के साथ बचाव दल भेजा था। राहत के तुर्की पहुंचने वाली टीमों में भारत की टीम भी शामिल थी। तुर्की के राष्ट्रपति ने जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से दोस्ती को जगजाहिर किया तो उसे भारत के लोगों ने भारत के लिए मुंह चिढ़ाना माना। रही-सही कसर पूरी हुई मई के आखिर में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की तुर्की की यात्रा से। तब भारत के सामने अर्दोआन के रूख को लेकर कोई गुंजाइश ही नहीं रही। तुर्की को लेकर भारतीय समुदाय की सोच अब भी ऐसी ही है। ऐसा नहीं कि पहली बार तुर्की ने भारत के खिलाफ पाकिस्तान का पक्ष लेते हुए ऐसा कदम उठाया है। संयुक्त राष्ट्र संघ समेत कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के पक्ष में अर्दोआन सहयोगी भूमिका पेश करते रहे हैं। इन वजहों से तुर्की को लेकर भारत में गुस्सा भी बहुत रहा है। कश्मीर के मसले पर तुर्की हर बार पाकिस्तान के साथ ही खड़ा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस दौरा भारत के उसी गुस्से की अभिव्यक्ति और भारत को मुंह चिढ़ाने के अर्दोआन के प्रयासों का जवाब माना जा सकता है। इसकी वजह है कि साइप्रस और तुर्की के बीच जारी बरसों पुराना विवाद। साइप्रस में यूनानी और तुर्की मूल के लोग रहते हैं। तुर्की के दोनों समुदायों में नस्ली आधार पर विवाद रहा है। साइप्रस में साल 1974 में तत्कालीन सरकार के खिलाफ यूनानी मूल के आतंकी समूहों ने तख्तापलट की कोशिश की। इसे तुर्की ने अपने लोगों के खिलाफ युद्ध माना। इसके बाद तुर्की ने साइप्रस पर हमला कर दिया। इस दौरान तुर्की की सेनाओं ने साइप्रस के दूसरे नंबर के मशहूर शहर वरोशा पर कब्जा कर लिया। यह शहर अपने बहुमंजिला भवनों के लिए प्रसिद्ध रहा है। यहां पूरे साल सैलानी आते रहते थे। लेकिन जब से तुर्की के कब्जे में यह शहर है, सैलानियों के लिए तरस रहा है। तुर्की की सेना के 35 हजार जवान यहां तैनात हैं। इसके बाद से एक तरह से यह द्वीपीय देश दो हिस्सों में बंट गया है। तुर्की के कब्जे वाले इलाके को तुर्की ने राष्ट्र का दर्जा दे रखा है। दिलचस्प है कि इस राष्ट्र के अस्तित्व को तुर्की के अलावा कोई देश स्वीकार नहीं करता। साइप्रस यूरोपीय संघ का भी सदस्य है और एक जनवरी 2026 से वह संघ का अध्यक्ष बनने जा रहा है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। भारत को उम्मीद है कि साइप्रस के अध्यक्ष रहते यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता हो जाएगा। साइप्रस ने कई मौकों पर भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट की दावेदारी का समर्थन कर चुका है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

# प्लेन हादसा जानबूझ कर नहीं होता

संजय गोस्वामी

भारत के अहमदाबाद एयरपोर्ट से प्लेन के टेक ऑफ करने के तुरंत बाद मेघानीनगर इलाके में यह हादसा हुआ है। विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था, प्लेन में 12 क्रू मेंम्बर्स (दो पायलट समेत) और 230 यात्रियों सहित कुल 242 लोग सवार थे मौत का आकड़ा बढ़ कर 285 तक हो गई यह याद रखना ज़रूरी है कि अगर आप हवाई यात्रा कर रहे हैं तो विमान दुर्घटना की संभावना बेहद कम है। फिर भी, कई सालों बाद भी ऐसी घटनाएँ होती रहती हैं। ब्लैक बॉक्स को वापस लाने के बाद पता चला कि टेकऑफ़ के दौरान, एक निश्चित ऊँचाई पर पहुँचने के बाद विमान के सिस्टम फेल हो गए थे और पायलट ने इस समस्या के बारे में एयर ट्रैफ़िक कंट्रोल को सूचित किया था। दुर्घटनाओं पर शोध करने वाले जांचकर्ताओं को अभी तक इस घटना को किसी विशिष्ट कारण से जोड़ने वाले प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं मिले हैं। इस रहस्य को वैज्ञानिक रूप से समझाने के लिए, हम समझते हैं कि जब किसी विमान में कोई समस्या आती है, तो पायलट आमतौर पर एयर ट्रैफ़िक कंट्रोल से सहायता माँगता है। हालाँकि, यह दुर्घटना इतनी अचानक हुई कि प्रमुख देशों के विशेषज्ञ अब इसे सुलझाने के लिए काम कर रहे हैं। एक ही समाधान के बजाय, जाँच के कई रास्ते अपनाए जा रहे हैं। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि विमान में उड़ान भरने से दुर्घटनाओं का जोखिम बहुत कम होता है, लेकिन कई सालों बाद भी घटनाएँ हो सकती हैं। सभी वस्तुएँ गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव में चलती हैं, जबकि हवाई जहाज लगभग शून्य गुरुत्वाकर्षण वातावरण में काम करते हैं। एक विमान में टर्बाइन ब्लेड होते हैं जो हवा को काटते हैं और पंख जो दिशा और स्थिरता प्रदान करते हैं। टर्बाइन एक ऐसी मशीन है जो ऊर्जा के एक रूप को दूसरे में परिवर्तित करती है, जैसे गतिज ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में या भाप ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलना। टर्बाइन घूर्णी गति के माध्यम से यांत्रिक ऊर्जा उत्पन्न करते हैं। परिवहन दुर्घटना आग पर सबसे शुरुआती अमेरिकी अध्ययनों में से एक ने संकेत दिया कि 1946 में लगभग 15 प्रतिशत अमेरिकी वाणिज्यिक एयरलाइन दुर्घटनाओं में दुर्घटना के बाद आग लग गई थी। इस रिपोर्ट ने उड़ान के दौरान और दुर्घटना के बाद की आग से संबंधित ईंधन गुणों और प्रज्वलन स्रोतों की जांच की।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8401

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | | 5 | |
| 6 | | | | | | | 7 | 8 |
| | | 9 | | 10 | | | | |
| 11 | | | | | | 12 | | |
| | | 13 | | | 14 | | | |
| 15 | | | | 16 | | 17 | | 18 |
| | | | 19 | | 20 | | | |
| 21 | 22 | | | | | | 23 | |
| | 24 | | | | 25 | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. रमण योग्य-4
4. साल, वर्ष-3
6. बांया-2
7. राय, वोट-2
9. तकरार, कहासुनी-4
11. अंधकार, अंधेरा-3
12. सरल, आसान-3
13. चील, ईगल-2
14. देवदास की प्रेमिका-2
15. सूली, क्रूस-3
17. कारण-3
19. मन को हरने वाला-4
21. कार्य, काज-2
23. बाण, तीर-2
24. दबाना, कुचलना-3
25. हाथी चलाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. परंपरा, रीति-रिवाज-4
2. संस्कृत में 'मेरा'-2
3. भरोसा, विश्वास-3
4. दीदी, भगिनी-3
5. समान, एक जैसा-2
8. अंधेरा, अंधकार-3
9. बोरिया बिस्तर-4
10. रिहा-2
12. तालाब, जलाशय-4
15. तमीज, शिष्टता-3
16. मछली, एक राशि-2
18. ज्वरताप-4
19. चिंतन, विचार-3
20. रनिवास (उर्दू-3)
22. नशा, अभिमान-2
23. पार्थिव देह, लाश-2

**शब्द पहेली -8400 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गी | ला | | गा | य | क | | दी | प |
| ति | | बा | ल | | चा | बी | | व |
| का | ज | ल | | भा | | ना | खू | न |
| | ल | | बा | व | न | | न | |
| स | म | त | ल | | ख | ट | ख | ट |
| | ह | | क | रा | रा | | रा | |
| प | ल | क | | वी | | शा | बा | श |
| र | | ला | ल | | आ | प | | ह |
| ख | त | | ता | जु | ब | | ती | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**18 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**बुधवार** 2025 वर्ष का 169 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** सप्तमी 13.35 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 00.23 बजे रात्र को समाप्त। **योग** प्रीति 07.40 बजे को समाप्त। **करण** बव 13.35 बजे तदनन्तर बालव 00.49 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 21.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 24'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872379
**जूलियन दिन** 2460844.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 21
**विशेष** कालाष्टमी।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | मिथुन | 05.02 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | कर्क | 07.20 बजे से |
| मंगल | सिंह में | सिंह | 09.36 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 11.48 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 13.59 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.13 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.29 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.34 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.21 बजे से |
| राहुकाल | 12.00 से 1.30 बजे तक | मीन | 23.54 बजे से |
| | | मेष | 01.24 बजे से |
| | | वृष | 03.04 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## सार समाचार

### क्लोज सीजन में मत्स्याखेट 15 अगस्त तक पूर्णतः प्रतिबंध

**रायपुर।** मत्स्य विभाग द्वारा वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि के लिए संरक्षण देने के लिए जिले की तालाबों, जल स्त्रोतों, नदी-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदीयों और जलाशयों में 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु के रूप में घोषित किया है। इनमें सभी प्रकार का मत्स्याखेट 15 अगस्त 2025 तक पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम के नियम-3 (5) के अन्तर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रुपए का जुमार्ना अथवा दोनों सजा एक साथ होने का प्रावधान है। उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होगा। अन्य प्रांतों से मछली आयात कर विक्रय करने में शासन द्वारा कोई प्रतिबंध नहीं है, तथापि ऐसी मछली के परिवहन-विक्रय दौरान मछली आयात संबंधी पर्याप्त साक्ष्य अवश्य रखें। जिस राज्य से मछली आयात की गई है, उस राज्य के मछली पालन विभाग द्वारा लागू नियमों का पालन भी सुनिश्चित किया जाए।

### रानीझाप एनीकट सूक्ष्म सिंचाई योजना के लिए 4.30 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के विकासखण्ड-गौरेला के अंतर्गत रानीझाप एनीकट सूक्ष्म सिंचाई योजना के कार्य के लिए 4 करोड़ 30 लाख 74 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना से ड्रिप सिंचाई पद्धति से खरीफ और रबी की फसलों के लिए करीब 260 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। ग्रामीण विकास की दिशा में यह एक सराहनीय कदम है। इससे क्षेत्रवासी एवं किसान विशेष रूप से लाभान्वित होंगे। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से मुख्य अभियंता हसदेव कछार, जल संसाधन विभाग बिलासपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

### दुर्ग, धमतरी-बस्तर में प्रगतिरत कार्यों का करेंगे परीक्षण

**रायपुर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निमार्णाधीन कार्यों के गुणवत्ता परीक्षण के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। वे दुर्ग, धमतरी और बस्तर जिले का दौरा कर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निमार्णाधीन सड़कों का परीक्षण करेंगे। संबंधित जिले के राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक से उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क कर प्रगतिरत सड़कों की गुणवत्ता के संबंध में शिकायत साझा की जा सकती है। राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक राम प्रकाश सिंह मोबाइल नम्बर - +919415258582 18 जून से 22 जून तक धमतरी जिले में सड़कों की गुणवत्ता का परीक्षण करेंगे। वे 23 जून से 27 जून तक दुर्ग जिले में सड़कों की गुणवत्ता जांचेगे। राम अवतार शर्मा मोबाइल नम्बर - +919412287989 18 जून से 22 जून तक बस्तर जिले में सड़कों की गुणवत्ता की समीक्षा करेंगे।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन बायोडायवर्सिटी पार्क कोदुम हर में

**नारायणपुर।** कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा जिले में 21 जून 2025 दिन शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन बायोडायवर्सिटी पार्क (कोदुम हर) नारायणपुर में प्रातः 07 से 08 बजे तक योग कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है, जिसमें जिले के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक सम्मिलित होंगे। इस हेतु सभी विभागों की सहभागीता सुनिश्चित किया जाना यह आवश्यक है। प्रत्येक विभाग के कार्यालय प्रमुख अपने विभाग के अधिनस्थ कर्मचारियों के साथ 21 जून को प्रातः 06.30 बजे बायोडायवर्सिटी पार्क (कोटुम हर) नारायणपुर में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

### कृषि स्थायी समिति की जिला स्तरीय बैठक आज

**अम्बिकापुर।** कृषि स्थायी समिति की जिला स्तरीय बैठक 18 जून 2025 को प्रातः 11:00 बजे से कार्यालय उद्यान विभाग अम्बिकापुर में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में सर्वसम्बन्धितों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

रथ यात्रा महोत्सव

# राज्यपाल डेका को रथ यात्रा के लिए दिया गया न्योता



रायपुर। राज्यपाल डेका से विधायक पुरंदर मिश्रा ने भेंट की। मिश्रा गायत्री नगर रायपुर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में आयोजित रथ यात्रा महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल को न्योता दिया। विधायक ने बताया कि रथ यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतिक है बल्कि सामाजिक एकता एवं सामाजिक समरसता का भी संदेश देती है।



**राज्यपाल डेका ने आईएएस पूर्वा अग्रवाल का किया सम्मान**

रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में इस वर्ष भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए चयनित रायपुर की पूर्वा अग्रवाल ने सौजन्य भेंट की। डेका ने उनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा राजकीय गमछा पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



**डेका से खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के सचिव कंगाले ने सौजन्य भेंट की**

छत्तीसगढ़ खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने की राज्यपाल से सौजन्य भेंट। उन्होंने विभागीय कार्यों एवं जनप्रतिनिधियों की अद्यतन स्थिति से राज्यपाल को अवगत कराया।

राजस्व विभाग राज्य शासन की रीढ़, पारदर्शिता, संवेदनशीलता-समयबद्धता से करें आम जनता का काम

## राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण नहीं करने वाले अधिकारियों पर होगी कार्यवाही: मंत्री वर्मा

**विजय मत, रायपुर**

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने आज महानदी भवन नवा रायपुर में राजस्व विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति, क्रियान्वयन तथा भविष्य की कार्ययोजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। डिजिटल भू-अभिलेख, ई-गिरदावरी, ड्रोन सर्वे आधारित स्वामित्व योजना, नक्शा परियोजना तथा त्रिवर्षीय भू-सर्वेक्षण कार्यक्रम जैसे प्रमुख बिंदुओं पर प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और विभाग को निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आम जनता को त्वरित एवं प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिसमें राजस्व विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर राजस्व विभाग के सचिव अविनाश चम्पावत, उप सचिव द्वय लोकेश चंद्राकर, सुनील चंद्रवंशी, सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित थे। मंत्री वर्मा ने राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए



समयबद्ध निराकरण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि में प्रकरणों का निस्तारण न करने वाले अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के स्थानांतरण प्रस्तावों पर भी नीतिगत चचाएं की गईं, जिनमें रिक्त पदों की अद्यतन जानकारी एवं पहले से स्थानांतरित अधिकारियों के प्रभार की स्थिति की समीक्षा सम्मिलित रही। राजस्व विभाग के पदोन्नत अधिकारियों को एकतरफा भारमुक्त करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग राज्य शासन की रीढ़ है, इसकी पारदर्शिता, संवेदनशीलता और समयबद्धता से ही आम जनता का विश्वास सुदृढ़ होता है। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करने और जनता की समस्याओं का तत्पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने विभागीय कार्यों की गुणवत्ता में निरंतर सुधार की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आधुनिक तकनीकों और डिजिटल प्रक्रियाओं को अपनाकर आमजन को अधिक पारदर्शी एवं दक्ष सेवाएं प्रदान की जाएं। उन्होंने एनडीआरएफ के आधुनिकीकरण, पर्यावरणीय अवसंरचना, स्वीकृत कार्यों की प्रगति एवं व्यय की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय दस्तावेजों जैसे मिसल, निस्तार पत्रक एवं न्यायालयीन प्रकरणों के डिजिटलीकरण की समीक्षा हुई। इसके अंतर्गत राज्य न्यायालय के दस्तावेजों को ऑनलाइन एवं कियोस्क के माध्यम से उपलब्ध कराने की प्रक्रिया का मूल्यांकन किया गया। भूमि अभिलेखों की त्रिवर्षीय कार्ययोजना, ई-गिरदावरी, नक्शा परियोजनाओं, स्वामित्व योजना के अंतर्गत ड्रोन सर्वे, किसान पंजीयन तथा लैंड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में आकाशीय बिजली, बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा हेतु की गई तैयारियों की भी गहन समीक्षा की गई। साथ ही, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण, भू-अर्जन, लैंड रिकॉर्ड्स आधुनिकीकरण, नवीन तहसीलों में रिकॉर्ड रूम स्थापना तथा स्वीकृत बजट व्यय की स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## जून से खुले स्कूलों के पट, पहले दिन पहुंचे बच्चों का हुआ स्वागत



- पहले दिन बच्चों को मिला जाति-आय-निवास प्रमाण पत्र का उपहार

**विजय मत, रायपुर**

16 जून से फिर स्कूल खुल गए हैं। नए सत्र से साथ कक्षाएं फिर से गुलजार हो गई हैं। विद्यार्थियों में नई क्लास में पहुंचने का उत्साह है। पहले दिन शाला पहुंचे बच्चों का तिलक लगा और मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। इन सबके बीच जो खास नजारा इस बार देखने को मिलेगा वो है कि कई ऐसे स्कूल जो शिक्षकों की कमी से जूझ रहे थे उनमें अब फिर से रौनक है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अतिशेष शिक्षकों की काउंसिलिंग से जिले के शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय शालाओं में पदस्थापना कर दी गई है। कई ऐसे स्कूल जहां पहले एक भी शिक्षक नहीं थे वहां अब छात्रों के दर्जमान से 3 से 4 शिक्षकों की पदस्थापना हो चुकी है। यह शैक्षणिक वातावरण को बेहतर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पालकों में भी इस बात को लेकर खुशी है कि उनके बच्चों को अब विषयवार शिक्षक मिल गयें हैं, वे स्कूलों में सारे विषयों की पढ़ाई कर सकेंगे। शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर जिले के स्कूलों में न्योता भोज का आयोजन किया गया। साथ ही निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया। इसी तरह जिले के कई स्कूलों में स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा एक पेड़ मां के नाम 2.0 अंतर्गत पौधा रोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। युक्तियुक्तकरण के पश्चात नव पदस्थ शिक्षकों का भी तिलक लगाकर स्कूलों में स्वागत किया गया। युक्तियुक्तकरण के पश्चात विकासखण्ड पुसौर के शासकीय प्राथमिक विद्यालय-सेमरा में शिक्षिका की पदस्थापना हुई है। जिससे वहां के विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है। शाला प्रवेशोत्सव के दौरान नई शिक्षिका का सम्मान तिलक लगाकर किया गया। इसी तरह विकासखण्ड रायगढ़ के प्राथमिक शाला साल्हेओना में भी बच्चों ने गुलदस्ता भेंटकर शिक्षिका का सम्मान किया। युक्तियुक्तकरण पश्चात धरमजयगढ़ ब्लॉक के

## योगा संगम और हरित योग के संदेश के साथ हर गांव-हर शहर में आयोजित होंगे विशेष योग शिविर

**विजय मत, एमसीबी**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को जिले भर में भव्य और उत्साहपूर्ण ढंग से मनाने की तैयारियाँ प्रारंभ हो चुकी हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला समाज कल्याण विभाग, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा समस्त संबंधित कार्यालय प्रमुखों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। समाज कल्याण संचालनालय, रायपुर के मार्गदर्शन में इस वर्ष योग दिवस की थीम योगा संगम और हरित योग पर आधारित रहेगी। कार्यक्रमों का आयोजन प्रातः 6 बजे से शुरू होकर जिले के समस्त नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत/नगरीय निकायों के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर किया जाएगा।

### जिले में अब तक 21.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**अम्बिकापुर।** भू अभिलेख शाखा के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि जिले के सभी तहसीलों में 24 घण्टे के दौरान 4.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक 8.4 मि.मी. वर्षा तहसील लखनपुर में दर्ज की गई है।

दिव्यांगजनों को घर बैठे रोजगार का सुनहरा अवसर

## रायपुर में आज प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। विशेष रोजगार कार्यालय, रायपुर द्वारा 18 जून को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक विशेष प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प विशेष रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, सिविल लाइंस, रायपुर में आयोजित होगा। विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर की उपसंचालक डॉ. शशी अतुलकर ने बताया कि इस प्लेसमेंट कैम्प में अलर्ट एस.जी.एस प्राइवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा दिव्यांगजनों को घर बैठे एजेंट के रूप में कार्य करने के लिए रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। यह कार्य पूरी तरह से कमीशन आधारित होगा, जिसमें कार्य की मात्रा के अनुसार पारिश्रमिक दिया जाएगा।

**योग्यता और आवश्यक दस्तावेज**

इस कैम्प में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी इच्छुक 12वीं उत्तीर्ण दिव्यांग अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। उन्हें अपने साथ 12वीं की अंकसूची, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र, रोजगार कार्यालय पंजीयन प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड दस्तावेजों की फोटोकॉपी एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा। कैम्प में आने-जाने, भोजन और ठहरने की व्यवस्था अभ्यर्थियों को स्वयं करनी होगी।

कोरबा जिले में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा कदम: 108 स्कूलों को मिलेंगे 17 करोड़ की स्वीकृति, सजेगा बच्चों का भविष्य

## डीएमएफ से शिक्षा व्यवस्था को मिलेगा नया आयाम

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और समावेशी बनाने की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप कोरबा जिले में अब स्कूलों की तस्वीर बदलने जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा जिले के 108 शैक्षणिक संस्थानों के लिए 17 करोड़ 08 लाख 94 हजार रुपए की लागत से नए भवनों के निर्माण को मंजूरी दी गई है। जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने डीएमएफ से प्रथम चरण



में सभी विकासखंडों के लिए भवन निर्माण स्वीकृत करते हुए विभिन्न विभागों को क्रियान्वयन एजेंसियां नियुक्त करने और कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए हैं। इस योजना के तहत पुराने और जीर्ण-शीर्ण भवनों को हटाकर नए और सुरक्षित भवनों का निर्माण किया जाएगा। इससे बच्चों को बेहतर एवं सुरक्षित शैक्षणिक माहौल मिल सकेगा। इस पहल के अंतर्गत पाली, पोड़ी उपरोड़ा, कटघोरा, करतला, कोरबा और नगरीय क्षेत्र बांकीमोंगरा के प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं में भवन निर्माण कार्य शामिल है। प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय के लिए औसतन 15 लाख से 15.65 लाख रुपए तथा माध्यमिक विद्यालयों के लिए 15.85 लाख से 16.60 लाख रुपए तक की राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत कार्यो में पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत चोढ़ा के अंतर्गत ग्राम भदरापारा छिंदपानी, भादाकछार छिंदपानी, तालाबपारा, छिंदपानी, ग्राम पंचायत पोटापानी अंतर्गत बरहामुड़ा, ग्राम पंचायत भण्डारखोल अंतर्गत जरमौहा, लाफा के गोंदिलहापारा, कोरबी के झालापारा, बड़ेबांका के कटेलपारा में नवीन प्राथमिकशाला भवन निर्माण हेतु 15-15 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की है।

**खास-खबर** समाज की अपेक्षा पुलिस से होती है, उन अपेक्षाओं पर खरा उतरना हमारी जिम्मेदारी: उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

## महिला एवं बाल केन्द्रित नवीन कानून विषय पर कार्यशाला संपन्न

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ पुलिस एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में आज महिला एवं बाल केन्द्रित नवीन कानून विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। कार्यशाला पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम के मार्गदर्शन संपन्न हुआ। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की अपेक्षा पुलिस से होती है और उन अपेक्षाओं पर खरा उतरना हमारी महती जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि आज हम अपनी जिम्मेदारी नहीं निभायेंगे तो कानून व्यवस्था खराब होगी। उन्होंने कहा कि कानून ही एक मात्र ऐसा रास्ता है जिससे परेशानी को समय से पहले रोका जा सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों से




आह्वान करते हुए कहा कि आप सभी अपने जिले में ऐसी कार्रवाई करें जिससे पूरी दुनिया सीख ले। उन्होंने कहा कि सुरक्षा है तो जीवन है, उन्नति है, खुशियां है, संसाधन है। पूरे समाज में पुलिस ही एक मात्र ऐसी संस्था है, जिसके अधिकारी व कर्मचारी समाज सेवा में अपना जीवन न्यौछावर कर देते हैं। आज इस महत्वपूणग विषय पर जो कार्यशाला आयोजित की गई। यहां से काफी सारी चीजें सीखने को मिलेंगी। पुलिस की ताकत कानून की किताब से है और इसमें जो प्रावधान हैं, उसे दृढ़ता के साथ लागू करने की अपेक्षा करता हूं। कार्यशाला की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए अपराध अनुसंधान एवं नारकोटिक्स के पुलिस महानिरीक्षक श्री अजय यादव ने महिला एवं बाल सुरक्षा की दिशा में छत्तीसगढ़ पुलिस एवं राज्य शासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए नवीन महिला थाना, महिला हेल्पडेस्क, परिवार परामर्श केन्द्र, एन्टी ह्यूमेन ट्रेफिकिंग यूनिट द्वारा किये जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम ने कार्यशाला में कहा कि नवीन कानून में महिला एवं बाल अपराधों को प्राथमिकता दी गई है और इसके लिए एक पृथक से अध्याय बनाया गया है और बहुत ही शुरूआती धाराओं में इस अपराध को रखा गया, जो यह बताता है कि महिला को न्याय दिलाया जाना कितना महत्वपूर्ण है। नवीन कानूनों को प्रभावी तरीके से लागू करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है, किन्तु असली चुनौती न्यू क्रिमिनल लॉ को उसके रियल स्प्रिट में पूरी तरह से लागू किया जाना है।

अटल डिजिटल सेवा केंद्र के नवीनीकरण

## निर्माण कार्यों में अनावश्यक देरी करने वाले एजेंसियों के विरूद्ध कार्यवाही

**विजय मत, दंतेवाड़ा**

जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आज समय सीमा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समय सीमा के एजेंडे के तहत कहा कि निर्माण कार्यो से जुड़े समस्त विभाग यह सुनिश्चित करें कि किसी भी निर्माण कार्यो में अनावश्यक देरी अथवा समय सीमा में पूर्ण नहीं किए जाने वाले कार्य एजेंसियों को सूचीबद्ध कर-के नियमानुसार कार्यवाही करें। सर्व निर्माण एजेंसियां वसूली योग्य कार्यो के ठेकेदारों की जानकारी तथा निमार्णाधीन कार्यो की साप्ताहिक प्रगति के संबंध में भी समय सीमा बैठक में जानकारी उपलब्ध करायेगें। किसी भी निर्माण कार्यो के लिए षासन द्वारा निदेर्षानुसार पूर्व एडवान्स का कोई प्रावधान नहीं है। इस निदेर्शों का अक्षरशः पालन करना समस्त विभाग सुनिश्चित करेगें। पंचायतों में स्थापित अटल डिजिटल सेवा केन्द्र का उल्लेख करते हुए कलेक्टर ने कहा कि समस्त जनपद विभाग अटल डिजिटल सेवा केन्द्रों में स्टैंडर्ड डिजाईन अनुसार नवीनीकरण कराने के साथ ही उसे कार्यशील करें। प्रधानमंत्री आवास 2.0 के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि योजना के तहत किए जा रहे सर्वे में समस्त पात्र हितग्राही को योजना में शामिल करना सुनिश्चित करें इसके लिए समस्त सीईओ जनपद स्वयं अपनी देख रेख में में पंचायत वार हितग्राहियों को मॉनिटरिंग करेंगे साथ ही ग्राम सभा के माध्यम से यह प्रस्ताव पारित किया जाए कि उनके गांव में योजना के तहत कोई भी हितग्राही आवास से वंचित नहीं हुआ है। इसके साथ ही बैठक में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, वृक्षारोपण

### खनिज टास्क फोर्स के संबंध में भी हुई समीक्षा

# रायपुर के हांडीपारा के किराना दुकान में आबकारी का छापा, अवैध शराब जब्त

**विजय मत, रायपुर**

आबकारी आयुक्त सह प्रबंध संचालक श्याम धावडे, कलेक्टर रायपुर डॉ गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग जिला रायपुर द्वारा अन्य प्रान्त के अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाहियां जारी हैं। 16 जून को मुखबिर की सूचना पर हांडीपारा रायपुर में एक किराना दुकान में रायपुर के आबकारी टीम के द्वारा छापेमारी कार्यवाही की गई। मौके पर आरोपी कन्हैया लाल लूलिया के आधिपत्य के किराना दुकान से मध्यप्रदेश प्रान्त की 10 नग ब्लेंडर प्राइड व्हिस्की, 4 नग रॉयल स्टैग व्हिस्की तथा 01 नग रॉयल चौलेंज व्हिस्की कुल 15 नग बोतल अवैध मदिरा मात्रा 11.25 बल्क लीटर जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 36, 59(क ) के तहत आरोपी को



गिरफ्तार कर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही टाटीबंध वृत प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी जेबा खान के द्वारा की गई एवं कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर पैकरा ,आबकारी उपनिरीक्षक विक्रम सिंह, आबकारी आरक्षक पोखराज शांडिल्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## 30 लीटर महुआ शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

**रायगढ़।** जिले में अवैध शराब कारोबार पर लगातार कार्रवाई करते हुए घरघोड़ा पुलिस ने आज एक बड़ी कार्यवाही की। मुखबिर से मिली सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में उरांवपारा, घरघोड़ा में दबिश दी गई, जहां भारी मात्रा में हाथ भट्ठी महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

## रावाभाठा में शराब बेचते निगरानी बदमाश गिरफ्तार

एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा सभी पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट को अवैध रूप से शराब की खरीदी-बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी ए.सी.सी.यू. द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है।



इसी कड़ी में थाना खमतराई को सूचना प्राप्त हुई कि थाना खमतराई क्षेत्रांतर्गत डेरापारा रावाभाठा में एक व्यक्ति अपने पास थैले में शराब रखकर बिक्री कर रहा है की सूचना पर रेड कार्यवाही कर अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे व्यक्ति को पकड़ा गया जो थाना खमतराई के निगरानी बदमाश प्रदीप तिवारी होना पाया गया। आरोपी के कब्जे से 93 पौवा देशी मशाला की 9300 रुपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना खमतराई में अपराध क्रमांक 645/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। गिरफ्तार आरोपी प्रदीप तिवारी पिता शिवबरन तिवारी उम्र 38 वर्ष निवासी डेरापारा रावाभाठा आरटीओ ऑफिस के पास थाना खमतराई रायपुर।

# पान ठेला सील, गांजा और चाकू के साथ संचालक गिरफ्तार

**विजय मत, रायपुर**

पान ठेला संचालक गिरफ्तार हुआ है, थाना खमतराई में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की गंगा नगर खमतराई में एक व्यक्ति पान ठेला की आड़ में पुड़िया - पुड़िया में गांजा विक्रय कर रहा है। उपरोक्त सूचना से तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर रेड कार्रवाई की गई जहां पर पान ठेला संचालक पांडो साहू निवासी गंगानगर द्वारा पान ठेला में 02 किलो गांजा कीमती 22000 रु रखे मिला। साथ ही एक झोला में रखें तीन चाकू और एक नग अस्तुरा भी मिला । मौके पर पान ठेला को सील कर आरोपी के



विरुद्ध थाना खमतराई में अपराध क्रमांक 646/25 धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट 25,27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। पूर्व में भी सभी पान ठेला संचालकों की बैठक लेकर हिदायत दी गई थी कि नशे से संबंधित कोई अवैध सामग्री ना बेचे थाना क्षेत्र में कुम्हारो की भी बैठक ली गई थी जिसमें चिलम का उपयोग गांजा पीने के लिए बताने पर स्वयं से 08 कुम्हारों द्वारा 1700 चिलम नष्ट किया गया भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाही जारी रहेगी। नाम गिरफ्तार आरोपी पांडो साहू पिता स्व. परघनिया साहू उम्र 37 वर्ष निवासी सुलभ के पीछे गंगानगर भानपुरी थाना खमतराई रायपुर

## जर्जर तार बना जानलेवा, खेत में काम करते किसान की करंट लगने से मौत

**खैरागढ़।** करंट की चपेट में आने से आज खैरागढ़ और सारंगढ़ क्षेत्र में दो लोगों की मौत हो गई। इस घटना के लिए ग्रामीणों ने बिजली विभाग को जिम्मेदार ठहराया है। खैरागढ़ क्षेत्र के ग्राम टेकाडीह में करंट से 28 वर्षीय किसान खेमचंद जोशी की मौत हुई। यह हृदयविदारक हादसा विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण हुआ, जिसने न सिर्फ एक परिवार का सहारा छीन लिया, बल्कि विभागीय कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, खेमचंद अपने पिता के साथ खेत में धान की इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजरी मुख्य विद्युत लाइन का एक जर्जर तार टूटकर नीचे गिर गया, जो खेत में पहले से फैले झटका तार के संपर्क में आ गया। इसके चलते पूरे खेत में करंट फैल गया।



## इश्क लड़ाने लगा दोस्त की गर्लफ्रेंड से, युवक की हत्या की कोशिश

डोंगरगढ़। शहर के कडरा पारा स्थित शिव मंदिर के पास सोमवार देर शाम एक युवक पर नारियल काटने के औजार से जानलेवा हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी सागर पटेल ने रजनेश कंडरा पर उस समय हमला कर दिया जब वह मंदिर के पास मौजूद था। बताया जा रहा है कि रजनेश अकसर सागर की गर्लफ्रेंड से बातचीत करता था जिससे नाराज होकर सागर ने उस पर हमला कर दिया। सागर ने नारियल काटने वाले धारदार औजार से रजनेश पर कई वार किए। अचानक हुए हमले से घबराया रजनेश किसी तरह अपनी जान बचाकर मौके से भागा। मोहल्लेवालों ने तुरंत घायल रजनेश को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज जारी है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए आरोपी सागर पटेल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मामले में हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 6 साल से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**विजय मत, रायगढ़**

लैलूंगा थाना पुलिस को दुष्कर्म के एक मामले में बड़ी सफलता मिली है। पिछले 6 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी सतीश कुमार बेहरा पिता स्व. मिनकेतन चेहरा (उम्र 27 वर्ष), निवासी सलखिया, थाना लैलूंगा को पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना पर उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। घटना 25 अक्टूबर 2018 को हुई थी, जब तमनार थाना क्षेत्र की एक किशोर बालिका ने लैलूंगा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने परिचित के साथ राजपुर मेला देखने गई थी। वहीं आरोपी सतीश बेहरा और उसके साथियों ने पीड़िता एवं उसके साथी के साथ मारपीट की और जबरन कार में बैठाकर जंगल ले गए, जहां डरा-धमका कर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया।

घटना के आधार पर थाना लैलूंगा में तत्काल अपराध क्रमांक



253/2018 अंतर्गत धारा 363, 366(ए), 376(डी), 506, 323 भादंवि, 6 पॉक्सो एक्ट तथा 3(1)(2), 3(2)(5) अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था। वहीं, मुख्य आरोपी सतीश बेहरा घटना के बाद से फरार हो गया था। लैलूंगा पुलिस ने उसके विरुद्ध धारा 173(8) के तहत पूरक चालान न्यायालय में प्रस्तुत कर लगातार उसकी तलाश जारी रखी थी। इसी क्रम में आज दिनांक 17 जून 2025 को थाना प्रभारी उप निरीक्षक इगेश्वर यादव के नेतृत्व में टीम ने सलखिया गांव में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपराध करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। इस गिरफ्तारी से न केवल छह साल पुराना मामला फिर से न्यायिक दिशा में आगे बढ़ा है, बल्कि फरार अपराधियों के खिलाफ पुलिस की सतत निगरानी और दबिश कार्रवाई का परिणाम भी सामने आया है।



## बहू ने खाना नहीं दिया तो ससुर ने किया मर्डर, जमीन खोदकर निकाली गई लाश को

**अंबिकापुर।** जिले से रिश्ते को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां ससुर ने कुल्हाड़ी से वार कर बहू की हत्या कर दी और लाश को घर से 50 मीटर दूर ले जाकर दफन भी कर दिया. यह मामला लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम किरकिमा के अमलीटीकरा मोहल्ले का है. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है. आरोपी ससुर को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है. मृतिका के पति और गांव वालों की मानें तो आरोपी ससुर अपनी बहू पर गलत नियत रखता था और छेड़छाड़ करता था, जिसका बहू विरोध करती थी. हत्या की वारदात के पीछे यह एक वजह हो सकता है. हालांकि पुलिस की पूछताछ में आरोपी ससुर परमेश्वर ने बताया है कि जब वह घर आया तब अपनी बहू से खाना मांगा और बहू ने खाना देने से इनकार कर दिया, जिसकी वजह से आवेश में आकर उसने कुल्हाड़ी से बहु सरस्वती के गले में वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई. डर की वजह से उसने लाश को दफन कर छुपाने की कोशिश की।

# स्वास्थ्य कर्मी के घर चोरी, CCTV कैमरे को चोरों ने कपड़े से ढका

**विजय मत, राजनांदगांव**

शहर के लक्ष्मीनगर में सूने मकान से 2 लाख से अधिक की चोरी हो गई। इसमें 1 लाख 15 हजार रुपए नकद सहित सोने-चांदी के जेवरात शामिल है। आरोपियों ने चोरी के वक्त घर में लगे सीसी कैमरों को भी कपड़े से ढंक दिया था। जानकारी के मुताबिक प्रार्थी मनीष कुमार मैजरवार रायपुर में स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ है। 13-14 जून को उनका परिवार मुंबई गया था, वहीं वह खुद भी बाहर थे। मकान के मेन गेट में ताला लगा था। तभी उनके किराएदार ने फोन पर बताया कि अज्ञात



आरोपी ने मकान का ताला तोड़ दिया है। इसके बाद भीतर कमरे का मुआयना किया गया। जहां पर्स में रखे 1 लाख 15 हजार रुपए नकद और सोने-चांदी के जेवरात की चोरी कर ली गई थी। घर से 2 लाख रुपए से अधिक की चोरी हुई है। बसंतपुर पुलिस अपराध दर्ज कर जांच में जुटी हुई है।

## शास्त्री मार्केट शराब दुकान में 5 लाख की चोरी

**रायपुर।** शराब दुकान का सुपरवाइजर करीब 5 लाख रुपए लेकर फरार बताया जा रहा है. ये खुलासा आबकारी विभाग के राज्य स्तरीय उड़नदस्ता टीम द्वारा जांच के बाद हुआ है.आबकारी विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि शास्त्री मार्केट स्थित शराब दुकान की जांच सोमवार को की गई. जांच में खुलासा हुआ कि दुकान का सुपरवाइजर फरार है. इसके बाद आबकारी विभाग ने जब लेखा-जोखा किया तो पता चला कि करीब 6 लाख 30 हजार रुपए का हिसाब में झोल है. इसके बाद पूछताछ में पता चला कि दुकान का सुपरवाइजर करीब 5 लाख रुपए लेकर फरार है।

# खाद कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्यवाही की हिदायत

**विजय मत, बलौदाबाजार**

कलेक्टर दीपक सोनी के निदेर्शानुसार जिले के कृषकों को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान जैसे उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक दवाई उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग में पदस्थ निरीक्षकों द्वारा लगातार छापामार की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को जिले के कई विकासखंडों में निरीक्षकों द्वारा कीटनाशक उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया गया तथा विक्रय केंद्रों को नियमानुसार उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रय करने हेतु समझाइए दी गई। किसी भी स्थिति में कालाबाजारी न करने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए।



विकासखंड बलौदा बाजार के ग्राम सरखोर में संचालित साईं कृषि केंद्र, अक्षांश ट्रेडर्स एवं इंद्र कृषि केंद्र, विकासखंड भाटापारा में साहू कृषि केंद्र, तरेंगा तथा विकासखंड कसडोल में रवि कृषि केंद्र तथा मनीष कृषि केंद्र टुंडरा का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। वर्तमान में बीज एवं डीएपी की कमी के कारण नकली बीज एवं खाद विक्रय, जमाखोरी एवं कालाबाजारी के संभावना को देखते हुए लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक द्वारा कृषकों से अपील किया गया है कि किसान भाई जांच परख के ही उर्वरक एवं बीज क्रय करें तथा क्रय सामग्री का पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें।

# सोनू गरचा थाने में महिला से छेड़छाड़-अभद्र टिप्पणी मामले में गिरफ्तार

**विजय मत, रायपुर**

राजधानी रायपुर के खम्हारडीह थाना परिसर में गुरुवार की शाम एक शर्मनाक और चौंकाने वाली घटना ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली और महिला सुरक्षा के दावों की कलई खोलकर रख दी है। जानकारी के अनुसार, चोरी की एक गंभीर घटना के संबंध में बयान देने थाने पहुंची पीड़िता के साथ थाना परिसर में ही खुलेआम आरोपी सोनू गरचा द्वारा अश्लील इशारे और चरित्र को लेकर अभद्र टिप्पणी की गई। मामले में नामजद आरोपी मनप्रीत सिंह उर्फ सोनू गरचा, जो कि पहले भी पीड़िता को जान से मारने की धमकियाँ दे चुका है। थाने में ही पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी के बीच




पीड़िता को घूरते हुए अश्लील इशारे किए और उसके चरित्र पर अभद्र टिप्पणियाँ कीं। सोनू गरचा पर पूर्व के भी कई अपराधिक प्रकरण न्यायालय में लंबित है। इतना ही नहीं, जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने पीड़िता का हाथ पकड़कर जोर से मरोड़ दिया। यह सब घटनाक्रम थाना परिसर में, पुलिस अधिकारियों की नाक के नीचे हुआ। उपस्थित एक युवक ने बीच-बचाव कर पीड़िता का हाथ छुड़ाया, तब जाकर आरोपी वहां से फरार हुआ। चौंकाने वाली बात यह है कि पीड़िता द्वारा पूर्व में आरोपी के विरुद्ध मोबाइल रिकॉर्डिंग सहित लिखित शिकायत दी जा चुकी है जिसमें आरोपी और उसकी बहन तलविंदर चंद्राकर उर्फ चिक्की द्वारा पीड़िता को शहर छोड़ देने एवं हत्या कर दिए जाने की धमकी दी गई थी। इसके बावजूद बीते दो वर्षों में पुलिस ने कोई संज्ञेय अपराध दर्ज नहीं किया। अब जब थाना परिसर में ही महिला के साथ इस प्रकार की घिनौनी हरकत हुई, तब जाकर प्रशासन हरकत में आया। नगर पुलिस अधीक्षक श्री वीरेंद्र चतुर्वेदी के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की गई और गिरफ्तारी के आदेश जारी हुए। हालांकि, आरोपी सोनू गरचा ने घटना के बाद अपना मोबाइल फोन बंद रखा, जिससे पुलिस टीम उससे संपर्क नहीं कर सकी। लेकिन जब मामला तूल पकड़ने लगा और पुलिस पर सवाल उठने लगे, तब दबाव बढ़ने पर आज आरोपी को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि जब थाने जैसे सुरक्षित माने जाने वाले स्थान पर महिलाएं सुरक्षित नहीं, तो आम जगहों की सुरक्षा का क्या भरोसा? अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या पुलिस इस मामले में निष्पक्ष जांच कर आरोपी को सख्त सजा दिलवाएगी, या फिर यह भी पुराने मामलों की तरह किसी कोने में दफन कर दिया जाएगा?

# दिव्यांग महिला के साथ किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**विजय मत, कोरबा**

कोरबा जिले में एक दिव्यांग महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। 5 वर्षीय पीड़िता विधवा है और मजदूरी करके अपने बच्चों का पालन-पोषण करती है। 15 जून को जब वह घर पर अकेली थी और उसके बच्चे बाहर खेल रहे थे। तभी 38 वर्षीय आरोपी अमित सोनवानी ने उसके घर में घुसकर रेप किया।

आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी और मारपीट की। मामला उरगा थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर उरगा थाने में शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी राजेश तिवारी के मुताबिक, मुखबिर की सूचना पर आरोपी को पताड़ी गांव से गिरफ्तार किया गया। वह अपने



रिश्तेदार के घर छिपा हुआ था। जांच में पता चला है कि आरोपी शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं।

वह पीड़िता को पहले से जानता था और उसके घर आया-जाया करता था। आरोपी पहले भी मारपीट के मामले में दोषी रह चुका है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## राशन दुकान से चावल की चोरी का आरोप

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के चन्द्रमेंढ़ा गांव में शासकीय उचित मूल्य दुकान से चावल चोरी का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने दुकान से बाइक पर चावल की बोरी ले जाते हुए वीडियो बना लिया। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दुकान संचालक गरीबों के लिए आए राशन का वितरण नहीं कर रहा है। वह चोरी-छिपे राशन को बेच रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इस दुकान से राशन वितरण में पहले भी अनियमितताएं सामने आई हैं। वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक बाइक पर चावल की बोरी लादकर ले जाई जा रही है। हालांकि वीडियो कब का है यह जांच की जा रही है। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में आक्रोश है। अब जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# फर्जी सैनिटाइजर छिड़काव योजना से 9.30 लाख की ठगी, ठगबाज पकड़ाया

**विजय मत, बलरामपुर**

बलरामपुर जिले के चौकी वाड्रफनगर थाना बसंतपुर अंतर्गत वर्ष 2024 में दर्ज एक ठगी के प्रकरण में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 3.30 लाख रुपये अमानत में लेकर 9.30 लाख की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी ओमप्रकाश कुशवाहा निवासी वार्ड क्रमांक 2 बाजारपारा वाड्रफनगर ने 18 जनवरी 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वर्ष 2021 में वह एवं उनके साथी रजनीश गर्ग(युवा साथी फाउंडेशन के प्रमुख) दिल्ली में राजेश कुमार और मनोज कुमार चौहान से मिले थे। इनसे गांव में



सैनिटाइजर छिड़काव कार्य का एग्रीमेंट हुआ। इसके लिए मनोज चौहान ने तीन किश्तों में ?3.30 लाख अपने खाते में अमानत स्वरूप जमा करवाया। इसके पश्चात राजेश कुमार द्वारा 400 लीटर सैनिटाइजर सूरजपुर भेजा गया। गांव में छिड़काव कार्य मजदूरों के माध्यम से संपन्न हुआ, जिसकी लागत लगभग 6 लाख आई। इस तरह कुल 9.30 लाख की धोखाधड़ी की गई, और राशि मांगने पर आरोपी टालमटोल करने लगे।चौकी वाड्रफनगर में धारा 420, 34 क्ढउ के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर के निर्देश पर व फजीर्वाड़ा करने वालों पर नकेल कसने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम दिल्ली रवाना हुई और नोएडा निवासी मनोज कुमार चौहान (उम्र 44) को उसके निवास से गिरफ्तार किया गया।पूछताछ में आरोपी ने ठगी की रकम अपने खाते में लेना स्वीकार किया और बताया कि उस रकम का अधिकांश भाग राजेश कुमार के खाते में ट्रांसफर कर दिया गया है। आरोपी को 17 जून को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# बजरंगबली के मंदिर में महिला ने की चोरी, एफआईआर दर्ज

**विजय मत, कवर्धा**

शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब चोर इतने बेखौफ हो चुके हैं कि मंदिर को भी नहीं बख्श रहे। ताजा मामला पुराना कचहरी पारा स्थित बजरंगबली मंदिर का है, जहां दिनदहाड़े एक युवती ने दानपेटी तोड़कर उसमें रखी नकदी चुरा ली। पूरी घटना मंदिर में लगे उउळश कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। सबसे हैरानी की बात यह है कि अब तक ऐसी घटनाओं में अधिकतर पुरुष शामिल होते थे, लेकिन इस बार एक युवती ने मंदिर को निशाना बनाया। यह घटना आज दोपहर करीब 2:30 से 3 बजे के बीच हुई, जब मंदिर में कोई नहीं था। उउळश कैमरे में कैद फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि युवती किस तरह



बड़ी ही चतुराई से दानपेटी से पैसे निकालती है और वहां से चुपचाप फरार हो जाती है। घटना की जानकारी मिलते ही मंदिर समिति ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। समिति के सदस्यों ने बताया कि इससे पहले भी मंदिर में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन इस बार की घटना ने उन्हें झकझोर कर रख दिया है। फिलहाल पुलिस वीडियो के आधार पर युवती की पहचान करने और उसे गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है।

## ऋषभ से अपने स्वभाविक अंदाज में खेलने को कहें गंभीर: बदानी

**नई दिल्ली।** पूर्व बल्लेबाज हेमंग बदानी ने कहा है कि भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर को उपकप्तान ऋषभ पंत से बात कर उनका हौंसला बढ़ाना चाहिये क्योंकि हाल में आईपीएल में उनका प्रदर्शन खराब रहा था जिससे वह दबाव में होंगे। इसलिए गंभीर को उन्हें ये बताना चाहिए कि वह अपने खेल पर ध्यान दें और उपकप्तानी को लेकर दबाव में न आयें। आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी के तौर पर ऋषभ पंत अपनी टीम को सफलता नहीं दिला पाये। इसके बाद भी भारतीय बोर्ड ने उनपर भरोसा जताते हुए उपकप्तानी सौंपी है। बदानी ने कहा कि भारतीय टीम शुभमन गिल के नेतृत्व में नए दौर की शुरुआत करने वाली है। ऐसे में ऋषभ पर भी बड़ी जिम्मेदारी होगी पर उन्हें जिम्मेदारी और अपेक्षाओं में दबने की जगह पर अपना स्वाभाविक खेल खेलना चाहिये। बदानी ने कहा, मैं वास्तव में उम्मीद कर रहा हूं, कि इसमें थोड़ा भी बदलाव नहीं होगा। मुझे लगता है कि वह ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने इस क्रिकेट में आक्रामक और रक्षात्मक स्ट्रोक बनाने का सही संतुलन बना लिया है। उन्होंने आगे कहा, ये जरूरी है कि मुख्य कोच गौतम गंभीर उसके साथ बात करे और उससे बोले, ऋषभ अपना खेल खेलें, उपकप्तानी को लेकर दबाव न लेंग। पिछले कुछ सालों से एक निश्चित तरीके से खेला है और वह आपके लिए अच्छा रहा है।इससे टीम को भी लाभ होगा क्योंकि वह अपनी बल्लेबाजी से मैच पलटने में सक्षम हैं।



## वैभव को अभी भारतीय टीम में जगह के लिए करना होगा इंतजार: वेंकटपति राजू

**नई दिल्ली।** आईपीएल में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और दूसरा सबसे तेज शतक लगाकर क्रिकेट जगह में अपनी अलग पहचान बनाने वाले 14 साल के वैभव सूर्यवंशी की तुलना महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से की जाने लगी है। ये भी कहा जा रहा है कि जो काम सचिन ने 16 से 17 में किया। वहीं वैभव 14-15 साल में कर लेना चाहते हैं। ऐसे में अब क्रिकेट प्रशंसक चाहते हैं कि वैभव को भारतीय टीम में जगह मिले। वहीं इसी को लेकर पूर्व स्पिनर और चयनकर्ता वेंकटपति राजू का कहना है कि इस क्रिकेटर को अभी टीम इंडिया में प्रवेश के लिए इंतजार करना होगा। साथ ही कहा कि उनकी सचिन से तुलना नहीं की जा सकती है। वैभव अभी इंडिया अंडर-19 टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर गए हुए हैं। महज 14 की उम्र में उन्होंने अपने प्रदर्शन से क्रिकेट प्रशंसकों को हैरान किया है। आईपीएल में 35 गेंदों पर शतक के बाद वैभव ने इंडिया अंडर-19 के अभ्यास मैच में भी 90 गेंद में 190 रन की पारी खेलकर सभी को हैरान कर दिया था। राजू ने कहा कि वैभव को भारतीय टीम की जर्सी में देखने के लिए हमें अभी और इंतजार करने की जरूरत है। इस स्पिनर ने कहा, 'हां, वह अभी काफी समय लेगा। उसे अंडर-19 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। बीच में घरेलू क्रिकेट में लगातार रन बनाने होंगे। 4 दिन के मैच में अच्छा करना होगा। हम उसे समय दे सकते हैं। उसमें प्रतिभा है, यह हम पहले ही देख चुके हैं पर सचिन से तुलना को वह ठीक नहीं मानते।



फुटबॉल



पेनसिलवेनिया में फीफा क्लब विश्वकप फुटबॉल में फ्लेमिंगों के लुइज अराजुओ अपना दूसरा गोल करते हुए।

## रोहित और विराट की कप्तानी में खेलने से काफी कुछ सीखने को मिला: शुभमन

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम की कप्तानी करने जा रहे युवा बल्लेबाज शुभमन गिल का कहना है कि उनके पास रोहित शर्मा और विराट कोहली की कप्तानी में खेलने का अनुभव है और इससे उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला है जिसका लाभ उन्हें सीरीज में मिलेगा। शुभमन ने कहा कि कैसे रोहित मैच के दौरान साथी खिलाड़ियों को जो कुछ भी कहते थे कोई नाराज नहीं होता था। वही कोहली के पास हमेशा एक बैकअप विकल्प हुआ करता था। शुभमन के अनुसार कोहली कप्तान के तौर पर मैदान में हमेशा आक्रामक रहते थे। गेंदबाजों की सहायता के लिए उनके पास हमेशा योजना होती थी।

शुभमन ने कहा, 'जब मैं विराट की कप्तानी में खेलता था तो टेस्ट मैच के दौरान मैदान में उनके आक्रामक रुख और विचारों को सोच को पसंद करता था और उसने सीखता था। वहीं अगर उन्हें लगता था कि यह ठीक है, यह योजना काम नहीं कर रही तो वह तुरंत एक दूसरी योजना रखते थे, गेंदबाजों को बताते थे कि वह उनसे क्या चाहते हैं।' वहीं रोहित की कप्तानी पर शुभकन ने कहा कि आप को ऐसा लग सकता है कि वह मैदान में आक्रामक नहीं दिखते पर जब रणनीति की बात हो तो वह बहुत ही ज्यादा आक्रामक थे। साथ ही कहा, देखने में यह लग सकता है कि रोहित शांत हैं लेकिन वह अपनी रणनीतियों को लेकर बहुत ही आक्रामक हो सकते हैं।



# बटलर बोले-विराट कोहली ने की थी मेरी सहायता

### कहा था कभी कभी लगता है मुझे बल्लेबाजी नहीं आती

**लंदन, एजेंसी**

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली की गिनती विश्व के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में होती है और उनका सामना करना किसी भी गेंदबाज के लिए बेहद मुश्किल होता है। इसके बाद भी विराट को जरा भी घमंड नहीं है। यहां तक कि इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जोस बटलर ने खुलासा किया है कि के एक बार कोहली ने उनसे कहा था कि कभी-कभी जब वह बल्ला उठाते हैं तो उन्हें लगता है कि उन्हें खेलना ही नहीं आता। पूर्व क्रिकेटर स्टुअर्ट ब्रॉड से बातचीत में बटलर ने कहा विराट ने एक बार मेरी सहायता की थी। उस दौरान उन्होंने एक बल्लेबाज के तौर पर अपनी असुरक्षाओं को भी साझा किया था और कहा था कि कभी-कभी बल्ला उठाते हैं तो लगता है कि मुझे खेलना आता ही नहीं है। साल 2023 की बात है। एक साल पहले ही बटलर ने आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए 863 रन बनाए थे। वह किसी एक सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बने थे। आईपीएल के किसी एक सत्र में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम है, जिन्होंने 973 रन बनाए हैं। 890 रन के साथ शुभमन गिल दूसरे नंबर पर हैं। 2022 में रनों का अंबार खड़ा करने के बाद भी बटलर दबाव में थे। उन्होंने बताया, 2022 के सत्र में मैंने 868 रन बनाए पर किसी एक सत्र में सबसे ज्यादा 973 रन का रिकॉर्ड कोहली नाम है। मैं अगले सत्र में बहुत परेशान था कि आखिर अपेक्षाओं पर कैसे खरा उतरूं। तब मैंने विराट से बात की थी। इस दौरान उन्होंने कोहली से पूछा कि आप अपेक्षाओं को कैसे संभालते हैं। विश्व क्रिकेट में आपसे ज्यादा भला किससे अपेक्षाएं होती होंगी। तब कोहली ने कहा, हो सकता है कि आपका केवल यह एक सत्र खराब रहा हो। उसे स्वीकार कीजिए। उसे दोहराने की कोशिश मत कीजिए। यह सब चलता है। जिंदगी अच्छी रहेगी। बटलर ने बताया कि कैसे कोहली ने उनके लिए अपना समय निकालकर उनकी मदद की। बातचीत के दौरान कोहली ने अपने अनुभवों के बारे में भी बताया।



## हरभजन बोले- ऑलराउंडर के तौर पर शार्दुल की जगह नीतीश को जगह मिलने की अधिक संभावना

**मुम्बई, एजेंसी**

पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि 20 जून से मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के तौर पर नीतीश रेड्डी को जगह मिलने की अधिक उम्मीद है। पहले टेस्ट के लिए गेंदबाजी ऑलराउंडर के तौर पर नीतीश को शार्दुल ठाकुर से कड़ी टक्कर मिल रही है, शार्दुल ने अभ्यास मैच में शानदार शतक लगाकर अपनी दावेदारी मजबूत की है। दोनों टीमों के बीच पांच मैच की टेस्ट सीरीज का पहला मैच 20 जून से लीड्स में खेला जाना है जिसके लिए अंतिम ग्यारह का चयन प्रबंधन के लिए कठिन हो रहा है। .

हरभजन ने कहा, 'भारत को एक ऐसे गेंदबाज की जरूरत है जो थोड़ी बल्लेबाजी भी कर सके। भारत के पास नंबर सात तक बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी हैं और नंबर आठ पर आपको यह देखना होगा कि कौन गेंदबाजी कर सकता है और आपके लिए विकेट ले सकता है तथा थोड़ी बल्लेबाजी भी कर सकता है।' उन्होंने कहा, 'मेरे हिसाब से यहीं पर शार्दुल, नीतीश पर भारी पड़ेंगे। नीतीश एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं जो गेंदबाजी भी कर सकते हैं पर उन्हें ज्यादा गेंदबाजी करते नहीं देखा गया है, वहीं ऑस्ट्रेलिया दौरे में नीतीश ने शानदार प्रदर्शन किया था।'



## तेज गेंदबाज हर्षित राणा भारतीय टीम में शामिल

**लंदन।** तेज गेंदबाज हर्षित राणा को एक बदलाव के तहत ही इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरु आगामी टेस्ट सीरीज के लिए अपनी 18 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। हर्षित राणा ने इंडिया ए की और से अच्छा प्रदर्शन किया था जिसके बाद उन्हें टीम के साथ रुकने के लिए कहा गया था। तभी से संकेत मिलने लगे थे कि हर्षित को टीम में जगह मिलेगी। एक रिपोर्ट के अनुसा हर्षित भारतीय टीम में शामिल हो गए हैं। सीरीज का पहला मैच 20 जून को लीड्स में शुरू होगा। माना जाता है कि लीड्स की पिच से स्पिनरों की तुलना में तेज गेंदबाजों को अधिक मदद मिलती है, जिसके कारण भारतीय टीम पांच गेंदबाजी विकल्प के साथ उतर सकती है,ऐसे में हर्षित को अंतिम ग्यारह में भी जगह मिल सकती है। ।

# बिजनेस

### भारत के बेसिनों में लगभग 42 बिलियन टन तेल और गैस के बराबर की क्षमता है

## इस्राइल-ईरान जंग के बीच भारत ईंधन आपूर्ति जरूरतें पूरी करने के लिए तैयार: हरदीप पुरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि इस्राइल-ईरान चल रही जंग के दौरान भारत अपनी ईंधन आपूर्ति की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है। पुरी ने कहा ?कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी ईंधन की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम और अच्छी स्थिति में है। हम अपने बास्केट में पर्याप्त विविधता ला चुके हैं और ईंधन आपूर्ति की जरूरतों को पूरा करने के लिए सहज स्थिति में हैं। भारत के बेसिनों में लगभग 42 बिलियन टन तेल और गैस के बराबर की क्षमता है। अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर बैठक की जानकारी देते हुए हरदीप पुरी ने कहा, तेजी से अस्थिर होते भू-राजनीतिक हालात को देखते हुए पेट्रोलियम मंत्रालय के अधिकारियों और हमारे पीएसयू ओमसी के साथ भाररत में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक की। भारत अपने जीवाश्म-आधारित ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। नवीनतम प्रयास का प्रमाण अंडमान में हो रही गहरी खुदाई है। अन्वेषण और उत्पादन के लिए सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में कई उपाय किए हैं। अंडमान में अन्वेषण अच्छी खबर है और यह भारत के लिए गुयाना मोमेंट बन सकता है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि भारत में एक अनुमान के मुताबिक 35 लाख वर्ग किलोमीटर की तलछटी बेसिन है। ये ऐसे इलाके होते हैं जहां झीलों, नदियों आदि के तल पर जमा रेत, पत्थर, कीचड़ के नीचे कच्चे तेल या गैस मिलने की संभावना होती है। पुरी के मुताबिक भारत ने कभी भी आठ प्रतिशत क्षेत्र से आगे अन्वेषण नहीं किया। इससे समुद्र तल का एक बड़ा हिस्सा ऐसा रह गया है जहां खोज नहीं की गई है। अब सरकार ने बेसिन के बड़े हिस्से में अन्वेषण का फैसला लिया है।



## वित्त वर्ष 2023-31 तक रेलवे के जरिये वाहनों की आपूर्ति 35 फीसदी बढ़ेगी: मारुति सुजुकी

- मारुति 2013 में 'ऑटोमोबाइल-फ्रेट-ट्रेन-ऑपरेटर लाइसेंस' हासिल करने वाली भारत की पहली कंपनी थी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि कंपनी को 2030-31 तक रेलवे के माध्यम से वाहनों की आपूर्ति 35 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है। मारुति सुजुकी 2013 में 'ऑटोमोबाइल-फ्रेट-ट्रेन-ऑपरेटर लाइसेंस' हासिल करने वाली भारत की पहली कंपनी थी। तब से हमने रेलवे के जरिये 25 लाख से अधिक यात्री वाहनों को भेजा है। एमएसआईएल के अधिकारी ने कहा कि हमने रेलवे के जरिये वाहनों की आवाजाही को व्यवस्थित रूप से बढ़ाया है, जो वित्त वर्ष 2014-15 में करीब पांच प्रतिशत था, और पिछले वर्ष 2024-25 में 24 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि कंपनी मानेसर में नई सुविधा के साथ इसे और बढ़ाएगी। एक बार जब यह पूरी तरह से चालू हो जाएगा, तो हम सालाना 4.5 लाख वाहन भेज केंगे। इससे वित्त वर्ष 2030-31 तक रेलवे के जरिये वाहनों की आपूर्ति 35 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी। पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान के तहत पंजीकृत मानेसर 'रेलवे साइडिंग' को हरियाणा में सोनीपत से पलवल तक चलने वाले 126 किलोमीटर लंबे हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर (एचओआरसी) के हिस्से के रूप में विकसित किया गया है।इस परियोजना को एक संयुक्त उद्यम फर्म हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचओआरसीएल) द्वारा क्रियान्वित किया गया है।संयुक्त उद्यम के तहत, एमएसआईएल ने एचओआरसी के विकास में 325 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। इसके अतिरिक्त एमएसआईएल ने आंतरिक यार्ड विकास पर लगभग 127 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जिससे इसका कुल निवेश 452 करोड़ रुपये हो गया है।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बेचे एशियन पेंट के 85 लाख शेयर

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने एशियन पेंट्स के 85 लाख शेयर ओपन मार्केट में बेच दिए। इस सौदे की कीमत करीब 1,876 करोड़ रही। कुछ दिन पहले रिलायंस ने एशियन पेंट्स में 3.50 करोड़ शेयर बेच दिए थे। अब उसी के बाद यह नई बिक्री की गई है। डील का असर मंगलवार को देखने को मिला। मंगलवार की सुबह शुरुआत मे शेयर 1441.30 पर कारोबार कर रहा था। यह बीते दिन से 0.19 फीसदी की तेजी है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के ब्लॉक डील डेटा के मुताबिक रिलायंस इंडस्ट्रीज की सहयोगी कंपनी सिद्धांत कमर्शियल्स ने ये 85 लाख शेयर बेचे। ये एशियन पेंट्स में कंपनी की 0.88 फीसदी हिस्सेदारी के बराबर है। ये शेयर 2,207 के औसत भाव पर बेचे गए, जिससे कुल डील 1,875.95 करोड़ की बनी।

# सेंसेक्स 213 अंक नीचे 81,583 पर बंद, निफ्टी भी 93 अंक लुढ़का

### एनएसई के फार्मा और हेल्थकेयर सेक्टर 2 प्रतिशत गिरे

**मुंबई, एजेंसी**

हफ्ते के दूसरे कारोबार दिन यानी मंगलवार, 17 जून को सेंसेक्स करीब 213 अंक गिरकर 81,583 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 93 अंक की गिरावट रही, ये 24,853 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 8 में तेजी और 22 में गिरावट रही। टाटा मोटर्स, सनफार्मा और इटरनल (जोमैटो) समेत 10 कंपनियों के शेयर 2 प्रतिशत गिरे। एशियन पेंट्स, इंफोसिस और टेक महिंद्रा में 1.7 प्रतिशत तक की तेजी रही।

वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 38 में गिरावट,11 में तेजी रही जबकि एक में कोई बदलाव नहीं हुआ। एनएसई के IT सेक्टर को छोड़कर सभी में गिरावट रही। दवाओं पर ट्रंप के नए टैरिफ के ऐलान की खबरों के चलते फार्मा सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.89 प्रतिशत की गिरावट रही। वहीं, हेल्थकेयर में 1.79 प्रतिशत और मेटल में 1.43 प्रतिशत की गिरावट रही।

एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 225 अंक (0.59 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 38,537 पर और कोरिया का कोस्पी 4 अंक (0.12 प्रतिशत) चढ़कर 2,950 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स करीब 81 अंक गिरकर 23,980 के स्तर पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 1 अंक नीचे 3,387 पर बंद हुआ। 16 जून को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.75 प्रतिशत चढ़कर 42,515 पर बंद हुआ। वहीं नैस्डेक कंपोजिट 1.52 प्रतिशत ऊपर 19,701 पर और S&P 500 0.94 प्रतिशत चढ़कर 6,033 पर बंद हुआ। 16 जून को विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 2,539.42 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। वहीं, घरेलू निवेशकों ने 5,780.96 करोड़ रुपए की खरीदारी की। जून महीने में अब तक विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 7,351.81 करोड़ की बिकवाली की है। जबकि घरेलू निवेशकों ने 49,931.68 करोड़ की नेट खरीदारी है। मई महीने में विदेशी निवेशकों की नेट खरीदारी 11,773.25 करोड़ रुपए रही। वहीं, घरेलू निवेशकों ने भी महीनेभर में 67,642.34 करोड़ की नेट खरीदारी की थी।



पंप और मोटर बनाने वाली कंपनी ओसवाल पंप्स का IPO यानी इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग 13 जून से ओपन है। निवेशक इसमें आज यानी 17 जून तक अप्लाई कर सकते हैं। कंपनी के शेयर 20 जून को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे।

ओसवाल पंप्स IPO के जरिए कुल 1,387.34 करोड़ जुटाना चाहती है। इसमें से 890 करोड़ के नए शेयर (फ्रेश इश्यू) जारी किए जाएंगे और 497.34 करोड़ के शेयर ऑफर फॉर सेल के तहत बेचे जाएंगे। सोमवार को शेयर बाजार में बढ़त रही। सेंसेक्स 677 अंक चढ़कर 81,796 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 227 अंक की तेजी रही, ये 24,946 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में तेजी और 3 में गिरावट देखने को मिली। आज एनर्जी, बैंकिंग, IT और FMCG शेयर्स में बढत रही। टेक महिंद्रा, ITC और इंफोसिस के शेयर करीब 2 प्रतिशत चढ़कर बंद हुए।

## भारतीयों ने चॉकलेट, जेम और मीठे उत्पाद पर 6.60 लाख करोड़ किए: रिपोर्ट

**मुंबई।** एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023-24 में भारतीयों ने चॉकलेट, जेम और चीनी जैसे मीठे उत्पादों पर 6.60 लाख करोड़ रुपए खर्च किए, जबकि सब्जियों पर 5.95 लाख करोड़ और तेल व वसा जैसे आवश्यक खाद्य पदार्थों पर केवल 2.45 लाख करोड़ रुपए ही खर्च किए गए।तेल और वसा पर खर्च में गिरावटष्टस्नश्च के अनुसार, पिछले एक साल में तेल और वसा पर खर्च में 19.67% की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं दूसरी ओर चॉकलेट पर खर्च में 19.78% की बढ़त देखी गई है। यह ट्रेंड उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं में हो रहे बदलाव की ओर इशारा करता है। बीते चार वर्षों में खर्च का आंकड़ा इस प्रकार है- 2023-24: चॉकलेट, जेम, चीनी: 6.60 लाख करोड़ सब्जियां: 5.95 लाख करोड़तेल वसा: 2.45 लाख करोड, 2022-23: चॉकलेट, जेम, चीनी: 5.51 लाख करोड़सब्जियां: 5.28 लाख करोड़तेल वसा: 3.05 लाख करोड़ 2021-22: चॉकलेट, जेम, चीनी: 4.71 लाख करोड़, सब्जियां: 5.06 लाख करोड़तेल वसा: 2.76 लाख करोड़ 2020-21: चॉकलेट, जेम, चीनी: 4.46 लाख करोड़, सब्जियां: 4.79 लाख करोड़, तेल वसा: 2.01 लाख करोड़स्वास्थ्य और कुल रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि स्वास्थ्य संबंधी खर्च में 18.75 फीसदी की बढ़त हुई है। वहीं कुल उपभोक्ता खर्च 9.72% बढ़कर 181.4 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।

## भारत से ईरान में चावल का एक्सपोर्ट लगभग ठप, ड्राई फ्रूट्स मार्केट में भी अफरा-तफरी

**नई दिल्ली।** ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध का असर अब भारत पर भी दिखाई देने लगा है। स्थिति यह है कि भारत से ईरान में चावल का निर्यात लगभग ठप हो गया है। चावल कारोबारियों के मुताबिक, ईरान में भारत के चावल की सप्लाई ठप होने से प्रति किलो चावल के भाव में 10 रुपये की गिरावट आई है। उधर, ड्राई फ्रूट्स के दामों में उछाल आया है। जानकारी के मुताबिक भारत से बासमती सेला चावल की सबसे ज्यादा सप्लाई ईरान में होती है। लेकिन इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के चलते बीते चार दिनों से भारत से चावल की सप्लाई ठप हो गई है। जिससे चावल कारोबारियों में खलबली मच गई है। नया बाजार के एक चावल कारोबारी ने बताया कि चावल इंडस्ट्री में डर का माहौल है। शुक्रवार को शुरू हुए इस युद्ध के बाद ईरान में बासमती सेला की सप्लाई ठप हो गई है। हजारों टन चावल बीच रास्तों में फंस गए हैं। कुछ टन माल वापस हो गया है। जिससे कारोबारी परेशान हैं। ईरान और इजरायल के बीच युद्ध शुरू होने से पहले बासमती सेला चावल का थोक दाम लगभग 70 रुपये था, लेकिन बीते चार दिनों में प्रति किलो दाम में 10 रुपये की गिरावट आई है। अगर यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में चावल का दाम और कम हो जाएगा, जिससे कारोबारियों को करोड़ों का नुकसान झेलना पड़ेगा।

## रुपया गिरावट के साथ हुआ बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 23 पैसे की गिरावट के साथ बंद हुआ। आज सुबह रुपया कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और मजबूत डॉलर के दबाव को दरकिनार करते हुए रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में 11 पैसे की बढ़त के साथ 85.93 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 85.96 पर खुला। फिर 85.93 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 11 पैसे की बढ़त दिखाता है।रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.04 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.16 पर रहा।

# विश्व योग दिवस: आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में योग एवं वेलनेस सप्ताह की शुरुआत

## रस्सी कूद, तितली और वृक्ष जैसे सरल योग आसनों के साथ की गई वेलनेस सप्ताह की शुरुआत

**विजयमत, रायपुर**

विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में योग एवं वेलनेस सप्ताह की शुरुआत उत्साहपूर्वक की गई। सप्ताह के पहले दिन को योग परिचय दिवस के रूप में मनाया गया, जिसमें प्रदेश भर में हजारों बच्चों और महिलाओं ने सहभागिता कर योग के महत्व को अनुभव किया।

इस अवसर पर 5 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए विशेष योग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें उन्हें योग के मूल सिद्धांतों और लाभों से परिचित कराया गया। दौड़, रस्सी कूद, तितली और वृक्ष जैसे सरल योगासन, संतुलन दौड़ तथा फल पहचानने जैसे खेल-आधारित अभ्यासों के माध्यम से बच्चों को आनंददायक तरीके से योग की ओर प्रेरित किया गया। विद्यालय खुलने के तुरंत बाद आयोजित यह सत्र बच्चों के लिए नवीनता, ऊर्जा और जागरूकता का स्रोत बना। यह गतिविधियाँ बच्चों में एकाग्रता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के विकास में सहायक सिद्ध हो रही हैं। इस अवसर पर प्रदेश के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में हज़ारों महिलाओं और बच्चों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।



सप्ताह के प्रथम दिवस को ऊर्जा और संवाद दिवस के रूप में महिलाओं के लिए भी समर्पित किया गया। गर्भवती महिलाएं, स्तनपान कराने वाली माताएं तथा अन्य महिलाओं ने हल्के खिंचाव वाले व्यायाम, विशेष योगाभ्यास, लोकधुनों पर नृत्य, रिंग गेम्स और सामूहिक संवाद जैसी गतिविधियों में भाग लिया। इस आयोजन ने महिलाओं को न केवल स्वास्थ्य के प्रति सजग किया बल्कि उन्हें एक-दूसरे से जुड़ने और अपने अनुभव साझा करने का भी अवसर प्रदान किया। इन गतिविधियों ने महिलाओं के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

योग एवं वेलनेस सप्ताह के इस प्रारंभिक आयोजन ने प्रदेश के नागरिकों, विशेष रूप से बच्चों और महिलाओं के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा दिया है। आगे आने वाले दिनों में विभिन्न वर्गों के लिए योग सत्र और आनंदमय गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, जिससे समग्र स्वास्थ्य और सामुदायिक भागीदारी को बल मिलेगा।

# रायपुर स्टेशन के गुढियारी साइड स्थित आरक्षित व अनआरक्षित टिकट काउंटर हुआ शिफ्ट



**विजयमत, रायपुर**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के रायपुर स्टेशन के गुढियारी साइड स्थित आरक्षित एवं अनआरक्षित टिकट काउंटर 17 जून को 15 बजे शिफ्ट होंगे यह काउंटर प्लेटफार्म नंबर 7 के बाहर पार्किंग के पास शिफ्ट होगा यात्री 18 जून से यथावत आरक्षित एवं अनआरक्षित अस्थाई टिकट काउंटर से टिकट प्राप्त कर सकेंगे।

रायपुर स्टेशन पर चल रहे स्टेशन रीडेवलपमेंट कार्यों के कारण ऐसा किया जा रहा है। रेल के विकासात्मक कार्यों में यात्रियों से सहयोग अपेक्षित है।

# छत्तीसगढ़ की तरक्की और विकास में सेन समाज महत्वपूर्ण योगदान-मुख्यमंत्री

## बालोद में सामाजिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपये की घोषणा

### मुख्यमंत्री सेन समाज के महिला जिला अध्यक्षों एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में हुए शामिल

**विजयमत, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि सेन समाज प्रगतिशील समाज है, इसका गौरवशाली इतिहास रहा है। हमारे सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक क्षेत्र में इस समाज का योगदान अतुलनीय है। यह समाज छत्तीसगढ़ की तरक्की और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। मुख्यमंत्री श्री साय आज राजधानी रायपुर में आयोजित सेन समाज के महिला जिला अध्यक्षों एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने बालोद नगर में सेन समाज के सामाजिक भवन हेतु 20 लाख रूपये की स्वीकृति घोषणा की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने सेन महाराज की तैल्यचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित एवं दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में आगे कहा कि किसी भी समाज मे परिवर्तन के लिए शिक्षा बहुत आवश्यक है।





आज समाज में महिलाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। महिला के शिक्षित होने से पूरा परिवार को इसका लाभ मिलता है। सशक्त महिला से ही सशक्त समाज एवं सशक्त समाज से सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। हमारी सरकार का दृढ़ विश्वास है कि महिलाएँ समाज निर्माण की आधारशिला हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में सेन समाज के प्रतिभाओं जैसे स्वर्गीय श्री कर्पूरी ठाकुर जी सहित अनेक लोगों के योगदान का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सेन समाज सामाजिक विसंगतियों को दूर करने के लिए सार्थक कदम उठा रहा है, यह प्रसन्नता का विषय है। हमारी सरकार सेन समाज के विकास और उत्थान के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करने को तैयार है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य के अन्नदाताओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। महिलाओं के लिए कई योजनाएँ शुरू की हैं,जो प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मदद कर रही है। हमारी सरकार आने के बाद हमने मोदी की गारंटी में शामिल महतारी वंदन योजना को लागू किया। आज प्रदेश की 70 लाख महिलाएँ इससे लाभान्वित हो रही हैं। महतारी वंदन योजना के तहत हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों को आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान की है, ताकि वे अपने परिवार और समाज में सशक्त भूमिका निभा सकें। मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा केन्द्र द्वारा संचालित बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की शुरुआत कर लिंगानुपात में सुधार, बालिका शिक्षा को बढ़ावा और समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का उद्देश्य रखा गया है। हमारी बेटियां हमारा गौरव हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के माध्यम से हम उनकी शिक्षा और सुरक्षा को सुनिश्चित कर रहे हैं। कार्यक्रम को विधायक श्री पुरंदर मिश्रा एवं नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर सेन समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, कलाकारों, महिला सामाजिक कार्यकर्ताओं का साल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य केश शिल्प कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन, छत्तीसगढ़ सर्व सेन समाज प्रदेश अध्यक्ष श्री पुनीत सेन, सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

# रानीझाप एनीकट: 4.30 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति जारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के विकासखण्ड- गौरेला के अंतर्गत रानीझाप एनीकट सूक्ष्म सिंचाई योजना के कार्य के लिए 4 करोड़ 30 लाख 74 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना से ड्रिप सिंचाई पद्धति से खरीफ और रबी की फसलों के लिए करीब 260 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। ग्रामीण विकास की दिशा में यह एक सराहनीय कदम है। इससे क्षेत्रवासी एवं किसान विशेष रूप से लाभान्वित होंगे। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से मुख्य अभियंता हसदेव कछार, जल संसाधन विभाग बिलासपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

# खाद बीज का अभूतपूर्व संकट, डीएपी के लिये भटक रहे है किसान: कांग्रेस

**सरकार न डीएपी दे पा रही न एन.पी.के**

**विजयमत, रायपुर**

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मानसून की दस्तक शुरु हो गयी है। खरीफ की बुवाई खाद और बीज की कमी के कारण प्रभावित हो रहा, भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसानों की समस्या का कोई ख्याल नहीं। मानसून बस्तर आ चुका है, पूरे प्रदेश में खरीफ फसल के बुवाई की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है, खुर्रा वाले किसान प्रक्रिया शुरू कर चुके हैं, लेकिन प्रदेश में खाद और बीज की समुचित व्यवस्था यह सरकार नहीं कर पाई है। प्रदेश के ज्यादातर सोसाइटी में किसानों को डीएपी की कमी से



जूझना पड़ रहा है, ज्यादातर स्थानों पर बोनी और थरहा के लिए बीज भी किसानों को नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते किसान परेशान हैं। पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद की उपलब्धता नहीं होने से किसान परेशान हैं। पहले कहा गया डीएपी के बदले एन.पी.के दिया जायेगा, अब एन.पी.के की कमी हो गयी है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार नहीं चाहती कि किसान भरपूर उपज ले सके। बोनी के समय सबसे ज्यादा आवश्यकता डीएपी खाद और बीज की ही होती है, लेकिन इस सरकार का रवैया शुतुरमुर्ग की तरह है। खरीफ फसल की बुआई का समय सर पर है लेकिन यह सरकार ना खाद के रेक की व्यवस्था कर पाई है, ना समुचित रूप से कही भंडारण की व्यवस्था है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों की खाद के कुल आवश्यकता के मांग को केंद्र की मोदी सरकार ने खारिज करते हुए समुचित सप्लाई करने से मना कर दिया है, लेकिन दलीय चाटुकारिता में भाजपा के सांसद और प्रदेश की सरकार इस केंद सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ से भेदभाव और छत्तीसगढ़िया किसानों की उपेक्षा पर भी मौन है। सरकार एक सप्ताह के भीतर सभी सोसायटी मे पर्याप्त खाद बीज उपलब्ध नहीं करवाएगी तो कांग्रेस इसको ले कर बड़ा आंदोलन चलाएगी।

# 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय योग दिवस का आयोजन

**कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में सभी व्यवस्था करने के दिए निर्देश**

**विजयमत, रायपुर**

कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आज रेडक्रास सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी पूरी कर ली जाए। प्रत्येक नगरीय निकाय, जनपद, तहसील, ऐतिहासिक, सार्वजनिक, धार्मिक महत्व के स्थल, अमृत सरोवर तथा अन्य निर्धारित स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। इसमें स्कूल के बच्चों के साथ एनसीसी एवं एनएसएस के कैडेट, जनप्रतिनिधि तथा आमजन भी शामिल होंगे।

समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष की थीम योग- एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्यपर आधारित है। जिसके अंतर्गत राज्य जिला जनपद नगर मुख्यालय एवं ग्राम पंचायत स्तरों पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संदेश का वाचन किया जाएगा। आयोजक संस्था शासकीय निजी एवं अन्य व्यक्तिगत रूप से योग करने वाले व्यक्ति को आयुष विभाग के पोर्टल पर पंजीयन किया जाना है।

कलेक्टर डॉ सिंह ने समय सीमा के बैठक में अधिकारियों को लंबित राजस्व प्रकरण के निराकरण करने के निर्देश दिए।



**भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश व क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल पहुंचे रायपुर**

**रायपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश व क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल रायपुर पहुंचे। रायपुर एयरपोर्ट पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, संगठन महामंत्री पवन साय, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप , प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, रायपुर जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष श्याम नारंग, भाजपा नेता प्रीतेश गांधी, आकाश विंग संजू नारायण ने स्वागत किया।

# एक राष्ट्र एक राशनकार्ड: 30 जून तक ई-केवायसी पूर्ण कराना अनिवार्य

AADHAAR e-KYC

**विजयमत, रायपुर**

भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के निर्देशानुसार एक राष्ट्र एक राशनकार्ड योजना के अंतर्गत जिले में सभी लाभार्थियों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना अनिवार्य किया गया है।खाद्य नियंत्रक भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में कुल 6,45,681 राशनकार्ड प्रचलित हैं, जिनमें 22,31,425 सदस्य पंजीकृत हैं। इनमें से अब तक 18,78,701 सदस्यों का ई-केवायसी पूर्ण हो चुका है, जबकि 3,52,724 सदस्यों का ई-केवायसी बाकी है। सभी उचित मूल्य दुकानों में ई-पॉस मशीन के माध्यम से ई-केवायसी की सुविधा उपलब्ध है।

## कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में सभी व्यवस्था करने के दिए निर्देश

# 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर किया जाएगा जिला स्तरीय योग दिवस का आयोजन

**विजयमत, रायपुर**

कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने रेडक्रास सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी पूरी कर ली जाए।

प्रत्येक नगरीय निकाय, जनपद, तहसील, ऐतिहासिक, सार्वजनिक, धार्मिक महत्व के स्थल, अमृत सरोवर तथा अन्य निर्धारित स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। इसमें स्कूल के बच्चों के साथ एनसीसी एवं एनएसएस के कैडेट, जनप्रतिनिधि तथा आमजन भी शामिल होंगे।



समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष की थीम योग एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य पर आधारित है । जिसके अंतर्गत राज्य जिला जनपद नगर मुख्यालय एवं ग्राम पंचायत स्तरों पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संदेश का वाचन किया जाएगा। आयोजक संस्था शासकीय निजी एवं अन्य व्यक्तिगत रूप से योग करने वाले व्यक्ति को आयुष विभाग के पोर्टल https://yoga.ayush.gov.in पर पंजीयन किया जाना है।

कलेक्टर डॉ सिंह ने समय सीमा के बैठक में अधिकारियों को लंबित राजस्व प्रकरण के निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने हिट एंड रन प्रकरण में राजस्व और पुलिस विभाग को समन्वय कर निराकरण करने निर्देशित किया। इस बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप, डीएफओ श्री लोकनाथ पटेल तथा जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# सड़क परिवहन और यातायात को सुरक्षित और सुगम बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता: सीएम

**मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग के कर्मियों को सौंपी वाहनों की चाबी**

**विजयमत, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि हमारी सरकार सड़क परिवहन और यातायात को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। परिवहन और यातायात सुरक्षा में लगे उडऩदस्ता दल को 48 नवीन वाहनों की तैनाती से दुर्घटनाओं में निश्चित रूप से कमी आएगी, यातायात सुग़म होगा और लोगों में ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर जागरूकता बढ़ेगी। श्री साय आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर परिवहन विभाग के निरीक्षकों को इन वाहनों की चाबी सौंपी।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश सरकार सड़क यातायात को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। नवीन शासकीय वाहनों की मदद से परिवहन उडऩदस्ता दल नियमों का उल्लंघन करने वालों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। उडऩदस्ता दल की कार्यक्षमता में वृद्धि, सड़क दुर्घटनाओं में कमी, सुरक्षा मानकों का बेहतर क्रियान्वयन और यातायात व्यवस्था में सुधार व अनुशासन बनाए रखने में यह पहल मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इससे दूरदराज के क्षेत्रों में भी परिवहन दस्ते की निगरानी और पहुंच सुनिश्चित होगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने और ट्रैफिक नियमों का पालन कर दूसरों के जीवन की रक्षा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही हम एक सुरक्षित, संयमित और संवेदनशील सड़क परिवेश का निर्माण कर सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा आशमा पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड , जयस्तभ चौक रायपुर से मुद्रित एवं डी -17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर गुढ़ियारी रायपुर (छग) से प्रकाशित। संपादक सीता शुक्ला। प्रधान संपादक विजय शुक्ला*।
आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 (* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायीक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो. 8889977997